राजनैतिक पेंशन मंत्री (श्री राजेन्द्र चौधरी)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ)

श्री राजेन्द्र चौधरी–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करता हूं।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2016[४४]

माध्यमिक शिक्षा मंत्री (श्री बलराम यादव)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री बलराम यादव–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करता हूं।

ख1.24, कार्य–स्थगन का प्रस्ताव की सूचनायें

श्री अध्यक्ष–

आज दिनांक 06–03–2016 को नियम–56 के अन्तर्गत कुल 22 सूचनायें प्राप्त हुईं। जिसमें से मैं एक–एक करके सूचनाएं ले रहा हूं, पहले से उत्तेजना बढ़ने से कोई फायदा नहीं है।

पहली सूचना श्री स्वामी प्रसाद मौर्य की है। इसमें बहुजन समाज पार्टी के विधायक डा0 धर्म सिंह सैनी, मो0 आरिफ, मो0 मुसर्रत अली बिट्टन, श्री त्रिभुवन राम, श्रीमती पूजा पाल, श्री सन्तराम कुशवाहा, श्री इन्द्रजीत सरोज, श्री गयाचरण दिनकर, श्रीमती रजनी तिवारी, श्री सुल्तान बेग, श्री ममतेश शाक्य, श्री

[४४] दिनांक 30 मार्च, 2016 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

बब्बन सिंह चौहान, श्री काली चरन सुमन और श्री रामवीर उपाध्याय के भी हस्ताक्षर हैं– दिनांक 03–03–2016 को जनपद सुल्तानपुर के थाना चांदा के अन्तर्गत ग्राम सिंहौली के श्री उमा शंकर मौर्या तथा दिनांक 04–09–2015 को उनके बड़े भाई श्री रमाकान्त मौर्या की हत्या किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में।

मौर्या जी, आप बोलेंगे या कोई अन्य सदस्य बोलेगा ?

श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

मान्यवर, मैं बोलूंगा।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है।

श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

माननीय अध्यक्ष जी, आज जिस तरह पूरे प्रदेश में अराजकता चरम पर पहुंच गयी है। गुंडे, माफिया, अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। प्रदेश की जनता पर बड़े पैमाने पर कहर बरपाने का काम कर रहे हैं जिसके कारण प्रदेश में कानून राज कहीं दिखायी नहीं दे रहा है। प्रदेश में पूरा जंगलराज का वातावरण बन गया है, आए दिन लोग अराजकता की भेंट चढ़ते रहते हैं। चाहे पश्चिमी उत्तर प्रदेश हो, पूर्वी उत्तर प्रदेश हो, चाहे लखनऊ व आसपास के जिले हों, उनमें कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है, उसका जीता–जागता उदाहरण 03 मार्च को जनपद सुल्तानपुर के थाना–चांदा के अन्तर्गत ग्राम सिंधौली में श्री उमाशंकर मौर्या की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या की गयी। जब कि अध्यक्ष जी, 04–09–2015 में इसी प्रकार इनके सगे बड़े भाई श्री रमाकान्त मौर्या जी की गोली मार कर हत्या की गयी थी। जब यह मामला उठाया गया तो जिला प्रशासन द्वारा कहा गया कि उनको शस्त्र लाइसेंस दिए जायेंगे, परिवार को पूरी सुरक्षा दी जायेगी, गवाहों को पूरी सुरक्षा दी जाए, लेकिन सुरक्षा का आलम यह रहा, अध्यक्ष जी, कि सुरक्षा देना तो दूर, असलहे देना तो दूर, उनके भाई की भी दो–तीन दिन पहले उन्हीं हत्यारों ने हत्या कर दी। अध्यक्ष जी, मुख्य मंत्री जी द्वारा घोषणा की गयी थी कि 05 लाख रूपये दिए जायेंगे, आज तक वह लोग इन्तजार कर रहे हैं। आज तक वह लोग प्रतीक्षा कर रहे हैं, घोाषित राशि सम्भवतः जनपद तक पहुंच गयी। लेकिन उन लोगों तक पहुंचाने का काम नहीं हो पाया है। अध्यक्ष जी, बड़े ही जघन्य तरीके से दिन–दहाड़े हत्या करके हत्यारे कानून को चुनौती दे रहे हैं। जैसे कानून उनकी जेब में हो गया है। और पूरे परिवार की हत्या करके तहस–नहस करना चाह रहे हैं। उस परिवार में इतना ज्यादा भय व्याप्त हो गया है कि उन्होंने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है। वह यह कह रहे हैं कि जब तक मा0 मुख्य मंत्री जी जिन्होंने 05 लाख रुपये देने की घोषणा की थी जब तक वह वहां पहुंच कर उस परिवार का दर्द नहीं सुनते उस परिवार की बातों को नहीं सुनते तब तक वह लोग उस शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। अध्यक्ष जी बहुत ही गंभीर प्रकरण है। दो–दो सगे भाईयों की 06 महीने के अंतराल पर हत्या होना यह कोई मामूली बात नहीं है। यह बहुत ही जघन्य अपराध किया

गया है। जिला प्रशासन द्वारा गंभीर लापरवाही बरती गयी है। जिला प्रशासन द्वारा यदि सुरक्षा एवं शस्त्र लाइसेंस दे दिये गये होते तो उमा शंकर मौर्या जी की जान को बचाया जा सकता था। यदि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी होती तो आज दोबारा यह हत्या न होती। अध्यक्ष जी मैं आपके माध्यम से आज यह कहना चाहता हूं कि सदन की सारी कार्रवाई रोककर इस पर चर्चा करायी जाये। अपराधियों की गिरफ्तारी की जाये। उनको दी जाने वाली सहायता पहुंचायी जाये, उनको शस्त्र लाइसेंस मिले। और उनके आगे की जो सुरक्षा है उसको सुनिश्चित किया जाये। अब कहीं ऐसा न हो कि परिवार के तीसरे और सदस्य की हत्या हो। तो हम उस बात को उठावें। इसलिए अध्यक्ष जी मैं आपसे आग्रह करता हूं कि सदन की सारी कार्रवाई रोककर इस पर चर्चा करायी जाये।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, इसे दिखवा लेंगे और न्यायोचित कार्रवाई होगी।

नेता विरोधी दल (श्री स्वामी प्रसाद मौर्य)–

माननीय अध्यक्ष महोदय जी, उमाकान्त मौर्या जिसकी हत्या 03 मार्च को हुयी। जैसा कि सूचना के माध्यम से अवगत कराया गया कि 06 महीने पहले 04–09–2015 को इनके सगे बड़े भाई की भी हत्या हुयी थी।

श्री मोहम्मद आजम खां–

माननीय अध्यक्ष जी, कल नेता विरोधी दल नहीं थे, कल शुरू में ही एक हत्या का मामला आया था। क्या नाम था उनका।

श्री गुटियारी लाल दुवेश–

श्री सतेन्द्र कुमार।

श्री मोहम्मद आजम खां–

उनके लिये मेरी नेता सदन से बात हो गयी है उनकी आर्थिक मदद बढ़ा दी जाएगी।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

माननीय अध्यक्ष जी, बात आर्थिक मदद की नहीं है। इस प्रकरण में भी जब उमाकान्त मौर्या के बड़े भाई रमाकान्त मौर्या की हत्या हुयी थी तो उस समय इस प्रकरण के संबंध में मैंने मा0 मुख्य मंत्री जी से बात की थी। पांच लाख रुपया मा0 मुख्य मंत्री जी ने अपने मुख्य मंत्री कोष से देने की घोषणा की थी और लगभग पांच महीने से वह धन जिलाधिकारी कार्यालय पर आज भी पड़ा हुआ है। परिवार को नहीं पहुंचा। जब रमाकान्त मौर्या की हत्या हुयी थी उस समय जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक दोनों मौके पर गये थे वहां पर कम से कम पचासों हजार की भीड़ थी। पूरे जनसमूह ने परिवारजनों को शस्त्र लाइसेंस देने की बात की थी। 06 महीने बीत गये शस्त्र लाइसेंस नहीं दिया गया। मा0 अध्यक्ष जी, उमाकान्त मौर्या की हत्या किये जाने पर भी मैंने मुख्य मंत्री से वार्ता की। इस पर भी मा0 मुख्य मंत्री जी ने 10 लाख रुपया अपने मुख्य मंत्री

कोष से देने का मुझसे वायदा किया था। और जिलाधिकारी को उन्होंने इस बात का निर्देश भी दिया। लेकिन गांव वालों को, परिवार वालों को इस बात का विश्वास इसलिए नहीं है कि जब पहले मा0 मुख्य मंत्री जी ने पांच लाख रुपया देने की घोषणा की वह आज तक नहीं गया। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक दोनों सार्वजनिक रूप से शस्त्र लाइसेंस देने की बात की थी। आज तक शस्त्र लाइसेंस नहीं निर्गत किया गया। दस लाख रुपया जाएगा नहीं जाएगा इसका भी उनको यकीन नहीं है। इसलिए वह चार दिन से उमाकान्त मौर्या की लाश घर पर रखे हुये हैं। और उन सारे लोगों का यह आग्रह है कि मा0 मुख्य मंत्री जी स्वयं चलकर यहां आयें और अपनी तरफ से कुछ बात करें। तब हम इसका शवदाह करेंगे अन्यथा हम यहीं पर पड़े रहेंगे और यहां तक कि परिवारीजन तो आत्मदाह तक करने के लिए तैयार हो गये हैं, उनको मैंने बहुत समझाया–बुझाया कि इस पर मेरी मुख्य मंत्री से वार्ता हो रही है, आप लोग लाश की अन्त्येष्टि कराओ और किसी प्रकार की ऐसी कार्रवाई न करो कि आपको कानून हाथ में लेने के लिए मजबूर होना पड़े, मैंने उनको कई बार इस बात को समझाया, लेकिन वह इस बात पर अड़े हुए हैं मात्र इसलिए कि अगर जिला प्रशासन अपना वायदा पूरा किया होता, अगर मुख्य मंत्री जी द्वारा भेजा गया 05 लाख रुपया उनके परिवारीजन को पहुंच गया होता, तो शायद उनको विश्वास होता कि मुख्यमंत्री जी जो भी कह रहे हैं, उसका सही अमलीजामा होगा, लेकिन जिस तरीके से मा0 अध्यक्ष महोदय जी, मा0 मुख्य मंत्री के निर्देशों को भी जिला प्रशासन हवा में टालने की कोशिश करते हैं और जिस तरीके से जिला प्रशासन आज अपने तौर तरीके से अपराधियों को संरक्षण देने का काम करता है, अपराधियों के खिलाफ उनकी मिलीभगत रहती है, यही कारण है कि उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए और पीड़ित परिवारों के हौसले को पस्त करने के लिए वह कहीं न कहीं अमादा दिखाई पड़ते हैं, जिससे आजिज आ कर के परेशान होकर के परिवारीजन आज लगातार चार दिन से धरने पर बैठे हैं और अपने आवास पर इस निवेदन के साथ कि मा0 मुख्य मंत्री जी आयेंगे तभी हम इसकी अन्त्येष्टि करेंगे। मा0 अध्यक्ष महोदय जी मैं आपसे चाहूंगा कि यह अति संवेदनशील मामला है, गम्भीर भी है, चार–चार दिन से लाश घर पर रखी हुई है, पूरे परिवारीजन भूखे–प्यासे, रोते–बिलखते पड़े हुए हैं, साथ ही साथ उनके नातेदार तथा परिवार के साथ–साथ गांव पास–पड़ोस के सारे के सारे लोग बड़े पैमाने पर वहां भीड़ चारों दिन से लगातार जमा रहती है, ऐसे हालात में इसमें कोई न कोई बीच का रास्ता निकाला जाय जिससे कि मामला शान्त भी हो सके, अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी हो सके और जो पहले प्रशासन ने वायदा किया, उसको भी पूरा किया जा सके तथा मा0 मुख्य मंत्री जी ने राहत कोष के नाम पर वहां पर जो धन दिया है तत्काल उनको मिले भी, जिससे कि उनको यह विश्वास हो कि जो भी मुख्य मंत्री जी कह रहे हैं, वह अमल भी होगा, अन्यथा मान्यवर, इस प्रकार का उनका लगातार धरना चल रहा है जो अविलम्बनीय भी है, लोकमहत्व का भी है, इसलिए मान्यवर नियम–56 के अन्तर्गत मैंने इस विषय को आप के माध्यम से सरकार को भी अवगत कराने का काम

किया है कि सरकार बीच में इसमें हस्तक्षेप करे और इसका कोई न कोई निदान निकाले।

श्री अध्यक्ष–

माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी, जो मा0 मुख्य मंत्री जी ने रुपया दिया है, वह यह चाहते हैं, श्री मोहम्मद आजम खां–

मान्यवर, दो चीजें हैं एक तो प्रशासनिक कार्रवाई और पुलिस की निष्पक्ष कार्रवाई हो, सख्त हो, उसमें कहीं कोई विवाद ही नहीं है और कार्रवाई होती है, कोई कमी होगी तो वह नहीं रहेगी, दूसरे आर्थिक मदद की है, देखिये आपने कह तो दिया कि आर्थिक मदद का कोई सवाल नहीं, तो इसका मतलब यह हुआ कि आर्थिक मदद की आवश्यकता नहीं, यह तो बात वाजिब है कि आप यह कहिये कि आर्थिक मदद की घोषणा हुई वह नहीं मिली, मिलना चाहिए। मैंने तो इस खयाल से यह कह दिया था कि मैंने वायदा किया था सदन में कल जब सब लोग वेल में थे कि हम नेता सदन से खुद अपने तौर पर भी आग्रह करेंगे कि इस राशि को बढ़ा दिया जाय, आपने उसे फौरन कहा कि नही उसकी कोई जरूरत नही है, तो अगर मदद की जरूरत नही है तो फिर यह शिकवा भी जरूरी नही है कि आर्थिक मदद हुई कि नहीं हुई, पैसा मिला कि नहीं मिला। हम एक तो जान से जायें और फिर आर्थिक मदद में भी यह कह कर मदद लें कि नहीं जरूरत भी नहीं है, नहीं जरूरत है, अगर कहीं कोई गलती कमी हो रही है, तो उस गलती और कमी को देखा जाय, मुख्यमंत्री जी खुद उसे देखे, जिला प्रशासन क्यों ऐसा कर रह है तो उसके लिए नेता सदन आयेंगे मैं भी बात करता हूं, आप भी कहिये, यहां के बाद भी कहा जा सकता है, तो आर्थिक मदद तो दिलानी ही पड़ेगी, दिलानी चाहिए और यह कोई राजनैतिक मामला नहीं बनना चाहिए। एक चीज, लाइसेन्स देने की बात, मैं कह नहीं सकता क्या वजह रही होगी, लेकिन इन चार वर्षों की सरकार में मैं अपने रामपुर शहर की बात कहता हूं एक भी लाइसेन्स किसी को नहीं दिला पाया हूं और दिलाने की कोशिश भी नहीं करता हूं। यह विशेष परिस्थिति में मिल सकता है, लाइसेन्स इतनी मेरी जानकारी नहीं है वरना हाईकोर्ट की तरफ से आपको मालूम है कि एक आदेश हुआ है।

श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

रोक हट गई है।

श्री मोहम्मद आजम खां–

नहीं, मेरे ख्याल से सूचना सही नहीं है आपकी, उन्होंने यह कहा है कि जो शूटर्स हैं उसमें गोल्ड मेडलिस्ट को ही आप देंगे और बहुत ही लिमिटेड एरिये का लाइसेन्स देने का, अभी तक वह हटा नहीं है आदेश बदला नहीं गया है।

श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

हमारे जिले में तो लाइसेन्स जारी किये गये हैं।

श्री मोहम्मद आजम खां–

अब वह जो लाइसेन्स जारी हुए हैं, उन पर भी हाईकोर्ट ने जवाब तलब कर लिया है उन सारे जिला अधिकारियों का और वह काफी परेशानी में हैं। तो उसे देख लेंगे, अगर कोई भी प्राविधान ऐसा होता है, तो उसमें कंसीडर होना चाहिए।

नेता विरोधी दल (श्री स्वामी प्रसाद मौर्य)–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी तथ्यों को तोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करने में माहिर हैं। अनुदान न लेने की हमने कभी बात ही नहीं की है। संसदीय कार्य मंत्री जी को शायद यह नहीं मालूम कि इस तथ्य को मैंने ही माननीय मुख्य मंत्री जी के संज्ञान में लाया और मेरे ही निवेदन पर 10 लाख रुपया इसके लिए भी स्वीकृत किया गया लेकिन जब 6 महीने पहले बड़े भाई की हत्या पर मुख्य मंत्री कोष से दिए गए 5 लाख रुपये, अभी उनके परिवारीजन को नहीं मिले, तो उनको इस बात का यकीन नहीं है कि यह भी पैसा मेरे पास आयेगा कि नहीं आयेगा। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक जिस समय उमाकान्त मौर्य के बड़े भाई रमाकान्त मौर्य की हत्या 04–09–2015 को हुई थी, उस समय जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर गये थे। पचासों हजार की भीड़ में सार्वजनिक रूप से उन्होंने घोषणा की थी कि हम तत्काल पीड़ित परिवार को शस्त्र लाइसेंस दिलवायेंगे। 6 महीने बीत जाने के बाद भी शस्त्र लाइसेंस नहीं दिया गया। जिलाधिकारी और जिला प्रशासन की मंशा इससे साफ जाहिर होती है कि अपनी ही घोषणा से मुकर गए और दूसरी चीज माननीय मुख्य मंत्री के द्वारा मुख्य मंत्री कोष से भेजे गये 5 लाख रूपये आज भी जिला प्रशासन कार्यालय में पड़े हुए हैं, परिवारीजन को नहीं पहुंचे हैं। इससे परिवार के लोगों का जिला प्रशासन से विश्वास उठ गया है। मान्यवर, 4 दिन हो गये, लाश घर पर रखी हुई है। एक भी हत्यारे की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। किसी भी मुल्जिम का न पकड़ा जाना, कहीं न कहीं जिला प्रशासन की, हत्यारों से मिलीभगत की बू आती है और अगर कहीं जिला प्रशासन निष्पक्ष इस पर कार्रवाई करता, तो 4–4 दिन का समय बहुत पर्याप्त होता है। अभियुक्तों तक जिला पुलिस पहुंच गयी होती, गिरफ्तारी हो गयी होती, परिवारीजनों का इस बात का विश्वास होता कि प्रशासन हमारे साथ है, प्रशासन इस दुःख की घड़ी में हमारे घावों पर मलहम लगाने के लिए तैयार है, लेकिन जिस तरीके से जिला प्रशासन की बेरूखी है, जिस तरीके से जिला प्रशासन उस पीड़ित परिवारों के घाव पर नमक छिड़कने का काम कर रहा है, जिस तरीके से जिला प्रशासन अभियुक्तों का साथ देता नजर आ रहा है, इससे उस पूरे क्षेत्र में भीषण जनाक्रोश है। इसीलिए यह अतिसंवेदनशील और गंभीर मामला है। किसी की हत्या हो, परिवारीजन भूखे–प्यासे, रोते–बिलखते रह करके 4–4 दिन लाश को घर पर इस बात के लिए रखे हों कि जिला प्रशासन से उनका विश्वास उठ गया। माननीय मुख्य मंत्री जी स्वयं हमारे इस दुःख की घड़ी में आंसू पोंछने के लिए अगर आ जाएंगे, उनकी जुबान से अगर एक शब्द भी निकल जायेगा तो हम उसको कुछ मान लेंगे कि माननीय मुख्य मंत्री जी, प्रदेश का मुखिया अगर कुछ कह रहा है तो सही होगा क्योंकि जिला प्रशासन ने तो अब तक मामलें पर लीपा–पोती करने का काम किया है। इसलिए मैं संसदीय कार्य मंत्री जी से इस बात की अपेक्षा करूंगा कि इस पर

संसदीय कार्य मंत्री की भूमिका निभाने की बजाए, संवेदनशील मामले पर संवेदनशीलता अपनाते हुए अगर कुछ सकारात्मक रुख रखेंगे, तो ज्यादा बेहतर होगा।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मान्यवर, मुझे खेद है अगर मेरा रुख सकारात्मक नहीं है, मुझे खेद है।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

माननीय अध्यक्ष महोदय जी, इस गंभीर मामले पर भी सरकार संवेदनहीनता दर्शाने का काम कर रही है, अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है, इसलिए गुण्डे, माफिया, अपराधी, अराजकपरस्त समाजवादी पार्टी सरकार के इस रवैये के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी सदन से बर्हिगमन करती है।

(तत्पश्चात् बहुजन समाज पार्टी के सदस्य सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सदन से बर्हिगमन कर गए)

श्री अध्यक्ष–

मैंने मौर्य जी को सुना, संसदीय कार्य मंत्री जी को सुना, मैं इसे अग्राह्य करता हूं।

श्री बब्बन सिंह चौहान–

मा0 अध्यक्ष जी, जनपद चन्दौली की मुगलसराय नगर पालिका में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की गई है जिसकी जानकारी मैंने पहले भी जिला प्रशासन के साथ–साथ मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी को भी दी है, अवगत कराया है। मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी ने हमसे इसी सदन में जानकारी मांगी थी, कहा था कि जो भी है लिखकर दे दो और मैं उस पर कार्रवाई करा देता हूं लेकिन वह पत्र कहां गया, आज तक हमें उसकी भी जानकारी नहीं हो पाई। मान्यवर, मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि नगर पालिका मुगलसराय में बड़े पैमाने पर खरीदारी में अनियमितता की गई है। मान्यवर, नगर पालिका, मुगलसराय में बड़े पैमाने पर खरीदारी में अनियमितता की गई है। मान्यवर, नगर पालिका मुगलसराय में बिजली के लिए जो सामान लिया गया था उसमें 8.5 मीटर के आर0सी0सी0 पोल का सरकारी रेट 2748 रुपये है। हम लोग जो अपनी निधि से गॉव में पोल लगाते हैं, बड़े पैमाने पर निधि से पैसा देते हैं तो वह 2748 रुपये ही काटा जाता है लेकिन नगर पालिका के द्वारा वही पोल 5400 रुपये में खरीदा गया है। यह बहुत बड़ी वित्तीय अनियमितता है। इसी तरह 15 के0वी0ए0 के जेनरेटर का दाम 3 लाख 15 हजार रुपये है किरलोसकर और आयशर दोनों कम्पनी का और वहां पर वही जेनरेटर 3 लाख 15 हजार रुपये की जगह पर 5 लाख 15 हजार रुपये में खरीदा गया है जिसका कोटेशन और सारी चीजें मैंने अपने पास भी रखी है जरूरत पड़ेगी तो मैं मा0 मंत्री जी को उपलब्ध करा दूंगा। मान्यवर, ऐसे ही 25 के0वी0ए0 के ट्रांसफॉर्मर का दाम 3 लाख 87 हजार है और उसी जेनरेटर को वहां पर 6 लाख 34 हजार रुपये में लिया जाता है। मान्यवर, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर सरकार गम्भीरता से जांच कराए। ऐसे ही वहां पर आर0ओ0 प्लाण्ट लगाया गया है जिसकी कीमत और कोटेशन उस कम्पनी से मेरे द्वारा भी लिया गया है। उसका दाम

6 लाख 34 हजार रुपये था लेकिन उसी आर0ओ0 प्लाण्ट को 7 लाख 86 हजार रुपये में लगाया गया है। मान्यवर, वहां पर इस तरह की तमाम वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं और 2012 से लेकर अब तक सैकड़ों कोटेशन बनाकर, एक लाख के नीचे के कोटेशन बनाकर बिना टेण्डर किए वहां पर घोटाले की भेंट चढ़ाए गए हैं। मैंने इसकी शिकायत मा0 मंत्री जी से पहले भी की थी और मैंने मा0 मंत्री जी को पहले भी एक पत्र दिया था कि वहां पर सोलर लाईट लगाई गई हैं। सोलर लाइट को हम लोगों ने अपनी निधि से 14 हजार रुपये में अपने क्षेत्र में लगाने का काम किया है लेकिन उसी सोलर लाईट को नगर पालिका ने 54 हजार रुपये में खरीदने का काम किया है। जब मैंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की तो शिकायत करने बाद रातों–रात उन सोलर लाइटों को उतारने का काम किया गया। मान्यवर, इसकी जांच होनी चाहिए और उसका टेण्डर हुआ था। प्रकरण में सारी चीजों का टेण्डर हुआ था। मैं आपके माध्यम से इसलिए कहना चाहता हूं कि यह मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी का ही विभाग है और यह बहुत महत्वपूर्ण विभाग है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इस पर मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी का जवाब आए। इसी के साथ मैं इस लोकमहत्व के अविलम्बनीय विषय पर सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराने की मांग करता हूं और इस पर मा0 मंत्री जी का जवाब चाहता हूं। धन्यवाद।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मान्यवर, क्योंकि आप शिकायत कर रहे हैं, बिल्कुल दुरुस्त होगी, बहुत शिकायतें हैं, मैं इससे इंकार नहीं करूंगा कि यह पूरी तरह से गलत है। अब इसका हल नहीं है मेरे पास, जिन्हें सजा देता हूं उनको स्टे मिल जाता है और यह भी आदेश आ जाता है कि यहीं रखिए। यह भी आदेश आ जाता है कि इन्हें एक नगर पालिका और दे दीजिए तो सजा हम दे नहीं पा रहे हैं, सस्पेण्ड भी नहीं कर पा रहे हैं, हटा भी नहीं पा रहे हैं, बड़ी दुश्वारी है, परेशानी है तो जो हमसे ऊपर के लोग हैं, उनकी वजह से बहुत सी चीजें खराब हो रही हैं। हम जांच कराते हैं, जांच में आमतौर पर यह होता है कि दोषी बच जाता है, हमारी ही कमियां हैं। इसमें किसी सरकार या पार्टी का मामला नहीं है और अगर सजा दे लेते हैं तो फिर एक जगह है जहां से रोक आ जाती है। अब आप हल बता दें। मैंने कुछ नहीं लिया है उसमें ये आपको बताए देता हूं। मैंने लिया हो तो वापस कर दूंगा। बहुत पकड़ता हूं, बहुत कोशिश करता हूं, बहुत सख्ती करता हूं मगर इलाज तो मर्ज का है ना बेशर्मी का इलाज थोड़े है। बहुत नाराज हूं, बहुत सी चीजों से बहुत नाराज रहता हूं, बहुत सख्त कार्रवाईयां करता हूं उससे भी नतीजा नहीं निकलता है तो जुबान तो काटूंगा नहीं। करेंगे कार्रवाई करेंगे, बहुत सख्त हैं हम इस मामले में, जो भी कमी होगी देखेंगे।

श्री बब्बन सिंह चौहान–

500 पोल खरीदे गये हैं माननीय मंत्री जी।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मैंने कहा तो मैं दिखवाऊंगा इसे। यहां कह देना ही काफी है।

श्री अध्यक्ष–

मैंने श्री बब्बन सिंह चौहान को सुना, माननीय संसदीय कार्य मंत्री को सुना यह नियम–56 में नहीं आता है, इसे अग्राह्य करता हूं। अगला श्री अनुग्रह नारायण सिंह का है।

श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, इलाहाबाद में बेसिक शिक्षा निदेशालय पर लगभग 15 दिन से बी0टी0सी0 प्रशिक्षित बेरोजगार संघ के सैकड़ों लोग खुले आसमान के नीचे धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं, अनशन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि 13 दिसम्बर, 2014 को 15000 बी0टी0सी0 शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया। उसमें उस समय उनकी संख्या 15000 पद की थी, लेकिन 2014 के बाद आज तक 4 बार उसमें आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई और इससे अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ गई और इस समय अभ्यर्थियों की संख्या लगभग 46000 हो गई। इस समय सर्व शिक्षा अभियान के तहत जो सहायक शिक्षकों के पद खाली हैं लगभग 16439 पद इसमें खाली हैं। उन लोगों की मांग है कि इन पदों को भी 15000 पदों के साथ जोड़कर उन लोगों को नियुक्ति प्रदान की जाए। मान्यवर, सर्व शिक्षा अभियान में आप जान ही रहे हैं कि शिक्षा का मौलिक अधिकार हो इसके लिए इतने दिनों से हम लड़ रहे हैं, जय प्रकाश जी के नेतृत्व में लड़ाई हुई फिर जब 1989 में बदलाव हुआ तब भी लड़ाई हुई लेकिन शिक्षा को मौलिक अधिकार नहीं बनाया गया। आज 2009 में यू0पी0ए0 की सरकार ने शिक्षा का मौलिक अधिकार दे दिया है। बेसिक शिक्षा पूरी शिक्षा की नींव है। पद रिक्त हैं, नियुक्तियां हो नहीं रही हैं, तमाम शिक्षित बेरोजगार भटक रहे हैं। जैसा कि अभी माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी ने बताया कि ऊपर से रोक, हम लोगों के ऊपर भी एक संस्था है, जो इस तरह की तमाम भर्तियों पर भी रोक लगा दे रही है, लेकिन इसमें अभी रोक नहीं लगी है। मान्यवर, इन लोगों की मांग है कि जो 15000 पद विज्ञापित हुए हैं वर्ष 2014 में और इस समय अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर 46000 हो गई है, तो जो सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 16440 हैं उनको भी उसमें जोड़ दिया जाए और उसके आधार पर यह नियुक्ति की जाए। वैसे भी आप देख रहे हैं बेसिक शिक्षकों में सेवानिवृत्ति से प्रोन्नति से भी लगभग 40 हजार पद खाली हैं। बेसिक शिक्षा मंत्री जी तो नहीं हैं तो मैं माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी से चाहूंगा कि जो बढ़ती हुई बेरोजगारी है, जो बेरोजगार नौजवान हैं और शिक्षा की महत्ता को देखते हुए इसमें इनको जुड़वाने की कृपा करें और सदन की कार्यवाही रोककर इसमें चर्चा करायें। आज रोजगार देने के लिए तो दो करोड़ रोजगार मिलना था लेकिन केन्द्र से तो मिला नहीं तो राज्य सरकार ही इसमें अपनी अहम भूमिका निभाये और इन पदों को जोड़कर इन लोगों को नियुक्ति प्रदान करने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष–

खन्ना जी, जिस बात को आप यहां नियम–56 में रखना चाहते हैं, उस पर आप यहां बोल भी चुके हैं।

श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

मान्यवर अध्यक्ष जी, इस पर उत्तर दिला दीजिए।

श्री अध्यक्ष–

आपने जी0ओ0 वह कहा तो अब उस पर सरकार क्या करें ? माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी कुछ कहेंगे।

श्री मोहम्मद आजम खां–

अब उसमें तो मान्यवर, मंत्री जी से ही बात करनी होगी, माननीय मुख्यमंत्री जी से ही बात करनी होगी और यह 2 करोड़ की आपने बात कही थी, वह 100 दिन के अंदर रखने की थी, अब 100 दिन तो हो चुके अब वायदा कहां रहा। अगर 100 दिन में लोग रखवा सकते तो रखवा लेते। अब यह तो बहुत सीधे–सच्चे लोगों का देश है। 100 दिन गुजर गए 20 लाख रुपये भी गये, 2 करोड़ गये, हर घर बिजली वह भी गई। अब तो नये वादों का इंतजार कीजिए।

श्री अध्यक्ष–

मैंने अनुग्रह नारायण जी को सुना, माननीय संसदीय कार्य मंत्री को सुना, इसे अग्राह्य करता हूं।

(श्री सुरेश कुमार खन्ना के खड़े होने पर)

श्री अध्यक्ष–

अभी तो काउटिंग हो रही है, यह बात 8 को रखें ना।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, यह एक ऐसी घटना है कि जिसने पूरे प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में इतिहास बनाया है। 1975 में यूज ऑफ द गर्वमेण्ट मशीनरी पर श्रीमती इंदिरा गांधी का इलेक्शन सर्टिफाइड हुआ था। इस का मतलब यह नही है कि उससे वोटों को कितना फर्क पड़ा। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने यही होल्ड किया था यह इममैटीरियल है जिससे वोटों को कितना फर्क पड़ा। अगर गवर्नमेन्ट मशीनरी का यूज इलेक्शन प्रोसेस में हुआ है तो वह अपने आप में भ्रष्ट आचरण के अन्तर्गत आता है। इसलिए मान्यवर, यह पूरा इतिहास बन गया है। 1975 में इसी के कारण इमरजेन्सी डिक्लेयर हुई और उसके बाद जो स्थिति हुई वह हम सबको मालूम है, उसको हम दोहराना नहीं चाहते। हम अपनी इसी बात पर रहना चाहते हैं जो यहां पर गठित हुई है। मान्यवर, आपने मुझे नियम–56 की सूचना पर बोलने का अवसर दिया मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। दिनांक 15–02–2016 को बरेली, रामपुर स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र जो एम0एल0सी0 का चुनाव हो रहा है उसमे समाजवादी पार्टी की तरफ से एक प्रत्याशी घोषित किया गया। वह समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी दिनांक 15–02–2016 को बदला गया और इस बात को यहां पर उठाने का आशय सिर्फ यही है कि आखिरकार गवर्नमेन्ट की मशीनरी,

साधन, संसाधन यह किस लिए हैं, माडल कोड आफ कन्डक्ट लागू होता है और इसी उत्तर प्रदेश की सरकार के अधिकारी ही उसको कम्यूनिकेट करते हैं।

श्री अध्यक्ष–

खन्ना जी, यह मामला तो चुनाव आयोग का है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, इसमे अनियमित्ता यह हुई कि उत्तर प्रदेश सरकार ने हेलीकाप्टर को यहां से बरेली भेजा और फार्म–ए और फार्म–बी जो चुनाव के लिए उनको अधिकार देता है कि वह अपना नामांकन वहां पर दाखिल कर सके और जब यह बात जग जाहिर हो गई तब उसका पैसा जमा कर दिया गया।

श्री अध्यक्ष–

बस तो खत्म, उसका किराया जमा हो गया। आपको चुनाव आयोग में जाना चाहिए।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

नहीं मान्यवर, खत्म नहीं। हम चुनाव आयोग में गये हैं। यह अधिकार नहीं है और पूरे प्रदेश को यह मालूम होना चाहिए कि यह सरकार किस प्रकार से गवर्नमेन्ट मशीनरी का यूज कर, गवर्नमेन्ट साधनों का यूज करके नाजायज तरीके से किस प्रकार से चुनाव को प्रभावित कर सकती है। इसलिए मान्यवर आपसे निवेदन कर रहे हैं कि यह मैटर ऐसा है कि चुनाव में माडल कोड आफ कन्डक्ट का उल्लंघन हुआ और हम यहां पर केवल इसलिए लाये कि एक तरफ तो सरकार कहती है कि निष्पक्षता हो, पारदर्शिता हो, निष्पक्षता और पारदर्शिता का दिन भर हम पहाड़ा पढ़ते हैं संसदीय कार्य मंत्री जी से और हर बात के लिए जब उधर से जवाब आता है तो तमाम नैतिकता का लबादा उढ़ाकर हमको समझाया जाता है। मान्यवर, मै पूछना चाहता हूं कि वह हेलीकाप्टर बरेली क्यों गया और बरेली गया तो किस–किस को अधिकार है उस हेलीकाप्टर को इस्तेमाल करने का और चुनाव मे सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग पैसा देने के बाद क्या किया जा सकता है ? जितनी सरकारी गाड़ियां हैं वह तो जमा करा दी जाती हैं, मंत्री लोग भी अपने–अपने क्षेत्रों मे लाल बत्ती की गाड़ियों को जमा कर अपनी निजी गाड़ियों का इस्तेमाल करते हैं और सरकारी स्तर पर अधिकार–पत्र देने हेलीकाप्टर बरेली जाता है।

श्री अध्यक्ष–

खन्ना जी जो बात आपको चुनाव आयोग में कहना चाहिए। कोड आफ कन्डक्ट तो 2014 में भी था। अब आप बैठ जाइये माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी से जवाब तो ले लीजिये।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, हम तीन सवाल पूछना चाहते हैं उस हेलीकापटर को ले जाने की अनुमति किसने दी ? उस हेलीकाप्टर मे कौन–कौन अधिकारी गये थे और उस

हेलीकाप्टर को इस्तेमाल करने के लिए कितने रुपये जमा कराये गये और उन अधिकारियों के विरुद्ध सरकार क्या कार्रवाई करेगी जिन्होंने चुनाव में इस प्रकार से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया है, हेलीकाप्टर का नाजायज तरीके से इस्तेमाल किया है ?

श्री धर्मपाल सिंह–

मान्यवर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं खन्ना जी से अपने को सम्बद्ध करते हुए 2–3 बाते कहना चाहूंगा

श्री अध्यक्ष–

धर्मपाल सिंह, यह सब चुनाव आयोग का मामला है यह सब शिकायतें वहां दी जाती है विधान सभा इसमें कुछ नहीं कर सकती है।

श्री धर्मपाल सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, इसमें वास्तव में सरकार का दुरुपयोग हुआ है इसकी जांच होनी चाहिए और इसमें निष्पक्षता आनी चाहिए।

श्री मोहम्मद आजम खां–

अध्यक्ष जी, हेलीकाप्टर गया उसमें कोई अधिकारी नहीं थे, कंडीडेट भी नहीं थे और उसका पैसा भी जमा कर दिया गया। इलेक्शन कमीशन की तरफ से अगर कोई एतराज आपत्ति होगी तो उसका भी जवाब दिया जायेगा। कोई सजा होगी तो वह भी भुगतेंगे । लेकिन मान्यवर, खन्ना साहब की और माननीय अध्यक्ष जी, जो पीड़ा है कुछ हमदर्दी इनसे भी तो रहनी चाहिए जिस बुरी तरह से यह वहां हारे हैं, अरे साहब बड़ी बुरी हार हुई है, वोट ही नहीं दिया किसी ने ।

श्री अध्यक्ष–

रिजल्ट आ गया क्या ?

श्री मोहम्मद आजम खां–

अध्यक्ष जी, आ गया। समाजवादी को मिले हैं 2285 वोट और भारतीय जनता पार्टी को मिले हैं, कहिये तो बता दें 963 वोट, जमानत जब्त हो गयी। तो मान्यवर, यह थोड़ा सा हमें भी हमदर्दी अपने साथियों से हमदर्दी रखनी चाहिए। बड़ी बुरी हार हुई है मान्यवर, और रामपुर में तो भाजपा के साथियों ने भी हमें वोट दिया। (व्यवधान)

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

जितने नाजायज तरीके थे मान्यवर, सारे के सारे नाजायज तरीके इस सरकार ने इस्तेमाल किये हैं। एक कवि ने लिखा है कि ''कभी–कभी'' तो मन करता है कि पी लूं चम्बल का पानी।

(श्री सुरेश कुमार खन्ना, श्री मोहम्मद आजम खां के एक साथ बोलने से व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, पूरे प्रदेश में जितने गलत तरीके, जितने गलत हथकण्डे, जितनी अनियमितताएं इस सरकार के द्वारा सम्भव थी, असम्भव थीं इस सरकार ने किये हैं।

श्री अध्यक्ष–

यह चुनाव आयोग का मामला है।

श्री मोहम्मद आजम खां–

क्या जवाब दें पार्टी को, नेता बनाया और किश्ती डुबो दी। बताइये इसलिए बनाया था आपसे अच्छे तो वह थे हमारे कानपुर वाले और लक्ष्मीकान्त जी मेरठ वाले वह अच्छे रहते।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, इनके पास तो घुमाने और भटकाने के अलावा कुछ है नहीं।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मान्यवर, रामपुर में भाजपा के शत–प्रतिशत वोट हमें मिले हैं, मिले हैं वोट, पड़ने नहीं दिये मिले हैं वोट, किसी को वोट ही नहीं मिला समाजवादी पार्टी के अलावा। अब ये क्या करें इन्हें जवाब भी तो देना है अपने बड़ों को, यही कह देंगे कि भाई, हम तो बहुत चीखे पुकारे अब किसी ने वोट नहीं दिया तो हम क्या करें। अब यहां वाले तो वोट देंगे नहीं।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, रात कितनी बड़ी हो सबेरा जरूर होता है।

श्री अध्यक्ष–

खन्ना साहब, यह चुनाव आयोग का मामला है। 2014 में भी तो चुनाव हुआ था, उस समय भी तो यही सरकार थी।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मान्यवर, इनके कार्यकलापों का 2 साल का जवाब 2014 में लोक सभा में मिल गया था।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मान्यवर, कहां 2285 कहां 963, कहां राजा भोज कहां गंगुआ तेली।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

हम राजा भोज हो सकते हैं।

श्री मोहम्मद आजम खां–

चलिये हम गंगुआ तेली, जीते तो हैं ही।

श्री अध्यक्ष–

खन्ना साहब, आपने अपनी बात कह ली अब जो शिकायत करना हो इलेक्शन कमीशन को करिये।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मान्यवर, बात वह नहीं हैं ऊपर भी तो जवाब देना है वह नहीं पूछेंगे यह हुआ क्या ? (व्यवधान)

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, हेलीकाप्टर गया है।

श्री अध्यक्ष–

यह विधान सभा का मामला तो है नहीं काहे को विधान सभा में उठा रहे हैं।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, यह जो चाहें करें, इनको खांसी आ जाय तो हेलीकाप्टर चला जायेगा।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मान्यवर, हेलीकाप्टर वोट नहीं देता है, हेलीकाप्टर का वोट नहीं था, इन्हें बताइये हेलीकाप्टर वोटरलिस्ट में नहीं था।

श्री अध्यक्ष–

अब हो गया, खन्ना साहब आपने अपनी बात रख दी, सदन के संज्ञान में आपकी बात आ गयी और प्रेस में भी आपकी बात चली गयी। वोट मिलना या न मिलना उससे क्या मतलब।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, गवर्नमेन्ट मशीनरी का बहुत बड़ा दुरुपयोग हो रहा है पूरे प्रदेश में अनियमितता का राज है। इस सरकार ने गवर्नमेन्ट मशीनरी को यूज करने की इंतिहा कर दी। सरकार के उत्तर से हम संतुष्ट नहीं है इसलिए हम और हमारा दल सदन का बर्हिगमन करता है।

(श्री सुरेश कुमार खन्ना अपने दल के साथ सदन का बर्हिगमन कर चले गये)

श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, हमारा व्यवस्था का प्रश्न है। माननीय नेता, बी0जे0पी0 ने कहा कि वर्ष 1975 में मिसयूज के कारण श्रीमती इन्दिरा गांधी को जाना पड़ा था। लेकिन जो माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय था, जिन कारणों से इन्होंने मिसयूज बताया था, सर्वोच्च न्यायालय ने उसको मिसयूज नहीं माना। एक तो श्री यशपाल कपूर जो उनके पी0एस0 थे, उन्होंने इस्तीफा दे दिया था और उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ। इस प्रकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इसको मिसयूज नहीं माना और साथ ही साथ जो लाऊडस्पीकर वगैरह लगा था वह प्रधानमंत्री जी की सुरक्षा इत्यादि में होना था। सर्वोच्च न्यायालय ने उस निर्णय को खारिज कर दिया और आज वह निर्णय लागू नहीं है, तो हम चाहेंगे कि उसको प्रोसीडिंग से निकाल दिया जाये।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है। हम इसको देख लेंगे।

(विपक्ष के कई सदस्यों द्वारा एक साथ खड़े होकर बोलने पर)

अब आप लोग बैठिये। यह सब नहीं चलेगा। आगे बजट बहुत हैं और कल महाशिवरात्रि है, सब लोग आज जल्दी जाना चाहेंगे। श्री ललितेश त्रिपाठी जी, आपने जिस सवाल को दिया है उस पर यहां चर्चा हुई, आपकी पार्टी वेल में आई, अब यह मामला दोबारा नहीं उठ सकता है। एक बार जो उठ जाता है, वह दोबारा नहीं उठेगा।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

माननीय अध्यक्ष जी, मेरा एक निवेदन सुन लीजिये। एक मामला माननीय विधायक बुधौलिया जी से संबंधित है और एक मामला श्री जय प्रकाश निषाद जी से भी संबंधित है।

श्री अध्यक्ष–

बुधौलिया जी का मामला हमने देख लिया है, अब आप आगे तो बढ़ने दीजिये। श्री जय प्रकाश निषाद जी जो मामला दिया था, वह आज स्वीकार नहीं हो पाया है, क्योंकि बहुत सारे मामले आज थे।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

माननीय अध्यक्ष जी, हमारे चौरीचौरा के माननीय विधायक श्री जय प्रकाश निषाद जी को दिनांक 19–11–2015 को पहले मोबाईल टेलीफोन से जान से मारने की धमकी दी गई और उसके बाद कुछ लोग वहां पर सामूहिक रूप से आकर इनके कार्यालय, आवास पर बुरी तरीके से हमला कर वहां पर उपस्थित लोगों को मारा–पीटा, जितनी भी वहां पर मोटर साइकिल और गाड़ियां आदि थी, उसको बुरी तरीके से कुचला तोड़ा और इनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ। मुकदमा अपराध संख्या–466/2015 धारा–147, 148, 149, 307, 323, 504, 506, 452, 427 आई0पी0सी0 में मुकदमा भी दर्ज हुआ, लेकिन इतना बड़ा नंगानाच होने के बाद भी आज तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई। मान्यवर, इसमें मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह माननीय सदस्य से संबंधित मामला है।

श्री अध्यक्ष–

इसको मैं अपने स्तर से दिखवा लूंगा। अब आप इसमें कुछ मत कहिये।

(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कई सदस्यों द्वारा खड़े होकर अपनी बात कहने का प्रयास करने पर)

श्री अध्यक्ष–

देखिये वह गंभीर मामला था। आप अजय राय का दिये हैं। अजय राय के बारे में यहां सदन में उठाया, वेल में आये, बहस हुई, अलग से फिर माननीय मुख्य मंत्री जी से बात हुई, अब फिर से यह दोबारा नहीं उठ सकता है। आप मानिये, या फिर न मानिये इसको बार–बार उठाने की इजाजत मैं नहीं दे सकता हूं। अगर आप इस तरह से व्यवधान करेंगे, तो फिर हमें बजट पास कराना ही पड़ेगा। यह भी कोई तरीका है।

नियम–कायदे से विधान सभा चलती है। जो मामला विधान सभा में आ चुका है, वह फिर नहीं उठेगा। अब आप जाकर सरकार में बात करिये, यह यहां नहीं उठेगा।

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

माननीय अध्यक्ष जी, दो प्रकरण ऐसे हैं। एक तो वन रोज के संबंध में एक महत्वपूर्ण सूचना नियम–56 के अन्तर्गत श्री राम चन्द्र यादव की है, कृपया इनको दो मिनट सुन लें और एक श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया जी की सूचना है, इनको भी सुन ले।

श्री अध्यक्ष–

श्री राम चन्द्र यादव जी का मामला तो नियम–51 में हो गया होगा। वह हमेशा सूचनायें लगाते रहते हैं, तो फिर कितनी सूचनायें नियम–56 के अन्तर्गत इनकी हम सुने। क्या आप आज बजट पर चर्चा नहीं होने देना चाहते हैं ?

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, हम बजट पर चर्चा कराना चाहते हैं। बस दो मिनट का समय दे दीजिये। एक श्री भदौरिया जी को सुन ले और एक श्री राम चन्द्र जी को सुन लें। बस।

श्री अध्यक्ष–

आज नियम–51 के अन्तर्गत 84 अथवा 86 सूचनायें आई थी। मैंने सबको स्वीकार कर लिया और सब पर ध्यान आकृष्ट कर लिया है। अब आप बैठिये।

श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया–

माननीय अध्यक्ष जी, कृपया हमारी बात सुन लें। यह जनता से जुड़ा हुआ मामला है और बहुत महत्वपूर्ण है।

(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कई सदस्य अपने–अपने स्थानों पर खड़े होकर अपनी–अपनी बात कहने का प्रयास करने लगे जिससे घोर व्यवधान हो गया)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री सुरेश कुमार खन्ना–

मान्यवर, सोसाइटियां चली जाती हैं और डेवलपमेंट करती नहीं हैं, इस पर आप दो मिनट इनको सुन लें।

श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया–

माननीय अध्यक्ष जी, मेरे विधान सभा क्षेत्र में सोसाइटियों द्वारा कोई विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है, इनमें रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। वहां विकास कार्य कराया जाना बहुत आवश्यक है।

(इस बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के कई सदस्य सदन के वेल में आकर अपनी–अपनी बात कहने लगे)

श्री अध्यक्ष–

अब आप लोग ऐसे ही बोलो। देखिये ध्यानाकर्षण है श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया का, उ0प्र0 सरकार के सोसाइटी क्षेत्र में व्याप्त भीषण समस्याओं से उत्पन्न स्थिति के संबंध में, इस पर ध्यान आकृष्ट किया। अगला है श्री उमाशंकर का, जनपद मऊ के ग्राम बिलौझा निवासी श्रीमती लखपति का अपहरण एवं प्रताड़ित किये जाने के संबंध में, इसको ध्यान आकृष्ट कर लिया। डा0 आर0के0 वर्मा, इनका है जनपद प्रतापगढ़ के जेठवारा–मोहनगंज मार्ग पर रेडी नहर से हैदरपुर ग्राम को जोड़ने वाली नहर की पटरी का डामरीकरण न होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में, इस पर ध्यानाकर्षण। इसके बाद श्री अगयश राम सरन वर्मा का जनपद पीलीभीत की क्षेत्र पंचायत बीसलपुर, रोहनिया अन्तर्गत महरानी अवन्ती बाई जूनियर हाई स्कूल द्वारा अनियमितितायें किये जाने के संबंध में, इस पर ध्यानाकर्षण कर लिया, इसके बाद श्री राज नारायण बुधौलिया जी का है, जनपद महोबा में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों एवं अनेक घायलों को मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में, इस पर मैंने सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। नौवां नूर सलीम राणा का है, वह हैं, हां, जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र ऊंचाहार के अन्तर्गत लखनऊ–इलाहाबाद राजमार्ग पर पुलिस चेकिंग के दौरान हुये हादसे से उत्पन्न स्थिति के संबंध में, इस पर भी सरकार का ध्यान आकृष्ट कर लिया। श्री जय प्रकाश निषाद का नेता विरोधी दल ने मामला उठाया था, वह हमसे मिलेंगे हम उसमें जो भी होगा, सहायता करेंगे। बाकी सब अस्वीकार। अब चलो।

(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के सदस्य लगातार अपनी–अपनी बात कहने का प्रयास करते रहे–घोर व्यवधान)

आप लोग बैठो इस तरह नहीं चलेगा। अब हम नहीं मानेंगे। आप चलेंगे कि नहीं चलेंगे। आप अजय राय को लेकर कितनी बार लड़ोगे। जब से सदन चल रहा है तब से अजय राय का मामला चल रहा है। शेष अस्वीकार है, अब बाकी दूसरे दिन देना, आठ तारीख को देना।

ख12.8, वित्तीय वर्ष 2016–2017 के आय–व्ययक के अनुदान की मांगों पर चर्चा

श्री अध्यक्ष–

अब वित्तीय वर्ष 2016–2017 के आय–व्ययक के अनुदान की मांगों पर विचार एवं मतदान। आप नहीं मानेंगे तो पास कराऊं बजट।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां–)

मान्यवर, मैं सभी मदें पढ़े देता हूं।

अनुदान संख्या–04–उद्योग विभाग (खानें और खनिज)

भू–तत्व एवं खनिकर्म मंत्री (श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति)

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा एंव श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–04–उद्योग विभाग (खानें और खनिज) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिये आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 40,43,43,000 रुपये से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

श्री अध्यक्ष–

माननीय पंकज मलिक जी चलिये आपको कटमोशन रखना है। चलिये कटमोशन रखिये, कटमोशन रखिये। ऐ डाक्टर, वह कटमोशन रखना चाहते हैं आपको गोरखपुर जल्दी जाना है आप इनको फिर भेज दिये। वह जा रहे थे कटमोशन रखने, मैं आपकी सब हरकत देख रहा हूं। चलिये वहां चलिये। आप कटमोशन रखेंगे कि नहीं। आप कटमोशन नहीं रखेंगे तो मैं बजट पास कराता हूं। अब नहीं मानेंगे। आप चलिये न रखिये खनिज विभाग पर।

(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के कई सदस्य लगातार अपनी–अपनी बात कहने का प्रयास करते रहे–घोर व्यवधान)

श्री अध्यक्ष–

डा0 क्या बला हो, वह बेचारे कटमोशन रखने जा रहे थे उनको पकड़ लाये। ले जाओ इनको अनुग्रह नारायण, आप सीनियर मेम्बर हो। इन्हें कटमोशन तो रखवाओ। अरे पंकज मलिक कटमोशन रखो। अरे यह खनिज बड़ा विभाग है आप लोग इसमें रोज चर्चा करते हो और जब चर्चा करने का समय आया तो वेल में कूदकर चले आये। अब चलो। पास करायें। ठीक है जब आप लोग की इच्छा है तो हम पास कराये देते हैं।

(श्री अध्यक्ष द्वारा श्री पंकज कुमार मलिक को कटौती रखने हेतु आसन पर वापस जाने का आग्रह करने पर वे अपने आसन पर वापस नहीं गये और जोर–जोर सरकार विरोधी नारे लगाने लगे)

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–04–उद्योग विभाग (खानें और खनिज) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिये आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 40,43,43,000 रुपये से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य सदन के वेल में आकर नारेबाजी करते रहे।)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया (सदन के वेल से)–

मान्यवर, मेरा मामला सोयासटी का है क्योंकि सोसायटी क्षेत्र में विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। यह गरीबों का मामला है, वहां कोई सुविधाएं नहीं हैं, सड़के नहीं हैं लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

श्री अध्यक्ष–

आप इस मामले को कितनी बार उठायेंगे, अब आप सभी लोग अपने आसन पर जाएं, अब कुछ और नहीं सुनेंगे। मा0 मंत्री जी, आप बजट रखें।

अनुदान संख्या–70–विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री मनोज कुमार पाण्डेय)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान सॅख्या–70–विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए 2,15,12,74,000 रुपए से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

श्री अध्यक्ष–

डॉ0 आर0के0 वर्मा आप कट–मोशन रखें। आप लोग वेल में आराम से बैठ जाओ, आप लोग महाशिवरात्रि के चक्कर में जल्दी घर जाना चाहते हो इसीलिए यह कर रहे हो, मुझे सब पता है।

डा0 आर0के0 वर्मा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–70–विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाए। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना है।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–70–विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाए ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और अस्वीकृत हुआ।)

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–70–विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए 2,15,12,74,000 रुपए से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

(भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सदन के वेल से चले गये और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य सदन के वेल में बैठ गये।)

अनुदान संख्या–49–महिला एवं बाल कल्याण विभाग

माध्यमिक शिक्षा मंत्री (श्री बलराम यादव)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–49–महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए 59,56,54,47,000 रुपए से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

श्री राजबली जैसल–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–49–महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अन्तर्गत सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर

एक रुपया कर दी जाए। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना है।

श्री पंकज कुमार मलिक (सदन के वेल से)–

हम लोग जानना चाहते हैं कि क्या उस पर कोई कार्रवाई होगी, हम इसका आश्वासन चाहते हैं।

श्री अध्यक्ष–

अब बैठो, हम बुलाकर बात करेंगे। आप लोग अपने आसन पर चलें, इसे हो जाने दो उसके बाद हम मा0 संसदीय कार्यमंत्री जी को बुला करके बात कर लेंगे।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मा0 अध्यक्ष जी, ये लोग जब वेल में आ जाते हैं तो जाते नहीं हैं।

श्री पंकज कुमार मलिक (सदन के वेल से)–

मान्यवर, मंत्री जी तो तैयार हैं आश्वासन देने के लिए। सरकार का आश्वासन था कि 10 दिन में।

श्री अध्यक्ष–

आप वह मत दिखाओ मैं बहुत देख चुका हूं। जब मैंने कह दिया कि अभी हो जाने दो, शाम को पांच बजे मैं मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी को और आप लोगों को बैठा करके बात कर लूंगा।

श्री प्रदीप चौधरी (सदन के वेल से)–

मान्यवर, चर्म रोग से बच्चे बहुत बुरी तरीके से प्रभावित हैं, इसको देख तो लीजिए।

श्री पंकज कुमार मलिक (सदन के वेल से)–

मान्यवर, अब तो मा0 नेता सदन भी आ गये हैं इन्होंने कहा था कि इसे गम्भीरता से दिखवा लेंगे।

श्री अध्यक्ष–

तो क्या करें, हम अपना काम न करें। आप दिन भर अजय राय का मामला उठाते रहेंगे। अब आप शान्ति से बैठें, हमें भी अपना काम करने दें। गम्भीर मामला आपका पता है, रोज आप गम्भीर मामला लाते हैं, यह सदन के बजट से ज्यादा गम्भीर नहीं है, आप अपने आसन पर चलें।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान सं0–49–महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अन्तर्गत सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मॉग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाए ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और अस्वीकृत हुआ।)

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वर्ष में अनुदान संख्या–49–महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए 59,56,54,47,000 रुपए से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुछ सदस्य वेल में बैठकर नारेबाजी करते रहे जिससे घोर व्यवधान जारी रहा)

(घोर व्यवधान के मध्य)

अनुदान संख्या–90–संस्थागत वित्त विभाग (मनोरंजन तथा बाजीकर)

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

91	श्री अमर पाल शर्मा	गाजियाबाद के खोडा कालोनी में अवैध रूप से शराब एवं गांजे की खुली बिक्री रोके जाने के सम्बन्ध में।

जनपद सोनभद्र की तहसील दुद्धी को नया जनपद बनाये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती रूबी प्रसाद द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, श्रीमती रूबी प्रसाद, मा0 सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दिनांक 26–02–2016 को दी गयी सूचना .....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्के द्वारा यह मांग की गयी कि ''मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहती हूं। जनपद सोनभद्र 6500 वर्ग किमी0 क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यह जनपद सोन नी के उस पार दुद्धी तहसील राबर्ट्सगंज का आंशिक हिस्सा में ज्यादा गरीब–कमजोर व निरीह लोग रहते हैं, जिनका आदिवासी संस्कृति है, आजादी के 68 साल बाद भी वह पुरानी संस्कृति व प्रथा में रहते हैं, क्योंकि मुख्यालय से दूरी एक किनारे से लगभग 180 किमी0 है। गरीबी के कारण वे सब मुख्यालय पर नहीं आ–जा सकते हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण आज भी गरीबी में जीवनयापन करते हैं। सोनभद्र के सोन नदी के उस पार हिस्सा उत्तर प्रदेश में ही नहीं भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व वही देता है। सोन नदी के उस पार का क्षेत्र 3400 वर्ग किमी0 है। मिर्जापुर से अलग होने के बाद 15 जुलाई, 1994 मा0 मुलायम सिंह यादव दुद्धी तहसील के पिपरी में सोनभद्र के जिला मुख्यालय का शिलान्यास किया था। छः माह तक जिलाधिकारी व सारे कार्यालय कार्य किये हैं। अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर वक्तव्य दिये जाने एवं जनपद सोनभद्र की दुद्धी तहसील को जिला बनाने की शीघ्र कार्रवाई किये जाने की मांग करती हूं।''

2–इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, सोनभद्र के पत्र दिनांक 03–03–2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि शासनादेश संख्या–एम0आर0 340/92–रा0–5, दिनांक 20 अक्टूबर, 1992 के अनुसार नया जनपद स्थापित करने हेतु 1991 की जनगणना के आधार पर आबादी न्यूनतम 15 लाख, न्यूनतम क्षेत्रफल 5000 वर्ग किमी0, तहसीलों की न्यूनतम संख्या–03, विकास खण्डों की न्यूनतम संख्या–10, थानों की न्यूनतम संख्या–12 एवं लेखपालों की न्यूनतम संख्या–300 निर्धारित है। जनपद सोनभद्र की तहसील दुद्धी में आबादी–663563, भौगोलिक क्षेत्रफल–191914 हे0 (1919.14 वर्ग किमी0), तहसील की संख्या–01, विकास खण्डों की संख्या–03, थानों की संख्या–09 एवं लेखपाल क्षेत्रों की

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

संख्या–143 पायी गयी, जो निर्धारित मानक से कम है। जिलाधिकारी, सोनभद्र के उक्त पत्र दिनांक 03–03–2016 के क्रम में राजस्व परिषद् के पत्र दिनांक 04–03–2016 के द्वारा मंडलायुक्त, विंध्याचल मण्डल, मिर्जापुर से उनका अभिमत/मंतव्य मांगा गया है।,

जनपद जौनपुर अन्तर्गत लुम्बिनी–दुद्धी मार्ग के एक निश्चित क्षेत्र की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती श्रद्धा यादव द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर लोक निर्माण मंत्री का वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, लोक महत्व विषयक पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवगत कराना है कि जनपद जौनपुर .....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्लगभग 5600 वर्ग किमी0 में फैला हुआ है। यह जनपद लुम्बिनी–दुद्धी मार्ग के दोनों तरफ बसा हुआ है। लुम्बिनी दुद्धी मार्ग से बालू और गिट्टी से लदी ट्रकों का रातोदिन आवागमन है, जिससे लुम्बिनी दुद्धी मार्ग क्षतिग्रसत हो जाता है। जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है लुम्बिनी दुद्धी मार्ग किमी0 240 से किमी0 278 तक हमेशा खराब हो जाता है।

अतः इस अविलम्बनीय एवं लोक महत्व विषय विधान सभा क्षेत्र मड़ियाहूं जनपद जौनपुर के अन्तर्गत लुम्बिनी दुद्धी मार्ग को किमी0 240 जौनपुर से किमी 278 भदोही तक 4 लेन बनाने की शीघ्र कार्रवाई किये जाने की मांग करती हूं।

इस सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि लुम्बिनी से निकलकर दुद्धी को जाने वाला मार्ग राज्य मार्ग सं0–5 (किमी0 193 से किमी0 280 तक) 87.00 किमी0 तक का भाग जनपद जौनपुर के अन्तर्गत है। जौनपुर शहर किमी0 237 से किमी 241 में स्थित है। जौनपुर से भदोही सीमा तक किमी0 241 से किमी 280 तक का भाग पूर्णतया गड्ढामुक्त एवं यातायात योग्य है। वर्तमान में मार्ग के किमी0 248 (चैनेज 247.00 से 248.00 तक), 249 (चैनेज 248.00 से 249.00 तक), 250 (चैनेज 249.00 से 250.00 तक), 252 (चैनेज 251.00 से 252.00 तक), 253 (चैनेज 252.00 से 253.00 तक), 261 (चैनेज 260.00 से 261.00 तक), 262 (चैनेज 261.00 से 262.00 तक), 263 (चैनेज 262.00 से 263.00 तक), कुल लम्बाई 8.00 किमी0 का भाग नवीनीकरण हेतु निर्धारित चक्र में आने

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

के कारण इस भाग में एस0डी0बी0सी0 से नवीनीकरण हेतु रु0 167.44 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्य प्रारम्भ करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

किमी0 242 से 280 तक (जौनपुर शहर से भदोही बार्डर तक) मार्ग पर यातायात गणना के अनुसार पी0सी0यू0 16115 है, जो चार लेन निर्माण हेतु निर्धारित मानक को पूर्ण नहीं करता है।,

जनपद उन्नाव की नगर महापालिका के कतिपय क्षेत्रों में इण्टरलाकिंग टाइल्स सहित कई अन्य व्यवस्थायें किये जाने के सम्बन्ध में श्री शिवचरन प्रजापति द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर नगर विकास का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, श्री शिवचरन प्रजापति, मा0 सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 26–02–2016 को नियम–51.....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्के अन्तर्गत दी गयी सूचना में उन्नाव जनपद के किशोरी खेड़ा महापालिका के अन्तर्गत सिविल लाइन रोड के शिवराम यादव के मकान से सन्तोष के मकान से होते हुए अशोक यादव के मकान तक, आने जाने में कठिनाइयों के दृष्टिगत उक्त सड़क को आर0सी0सी0 या इण्टरलाकिंग बनाये जाने हेतु वक्तव्य की मांग की गयी है।

2–प्रश्नगत मामले में अवगत कराना है कि नगर पालिका परिषद्, उन्नाव द्वारा वार्ड सं0 16 स्थित मो0 किशोरी खेड़ा, उन्नाव में श्री शिवराम यादव के मकान से सन्तोष के मकान से होते हुए अशोक यादव के मकान तक आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य नियमानुसार औपचारिकतायें पूर्ण कराकर प्राथमिकता पर करा दिया जायेगा।,

जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र केराकत के अन्तर्गत गोमती नदी पर सरोज बड़ेवर घाट पर सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गुलाब चन्द सरोज द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर लोक निर्माण मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

मान्यवर, आपके माध्यम से सदन का ध्यान गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूं कि मेरे विधान सभा क्षेत्र 372 केराकत जौनपुर .....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्के सम्बन्ध में अवगत कराना पड़ रहा है कि क्षेत्रीय लोगों को तहसील मुख्यालय पर आने के लिये अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। सरोज बड़ेवर घाट पर सेतु निर्माण हो जाने से लगभग 100 गांवों के लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी। पुल का अतिशीघ्र निर्माण कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है।

अतः आग्रह है कि जनहित में गोमती नदी के सरोज बड़ेवर घाट पर सेतु निर्माण कराने हेतु सरकार से नियम–51 के अन्तर्गत वक्तव्य दिये जाने की मांग करता हूं।

वक्तव्य–

प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम में 7.00 किमी0 की दूरी पर 7 ग 28.25 मी0 दर व्यवस्था का सेतु निर्मित है एवं डाउनस्ट्रीम में 6.50 किमी0 की दूरी पर 7 ग 28.25 मी0 दर व्यवस्था का सेतु निर्माणाधीन है। इस प्रकार प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 10.00 किमी0 से कम की दूरी पर दीर्घ सेतु स्थित है।

अतः लोक निर्माण विभाग की प्रचलित व्यवस्था के अनुसार अपस्ट्रीम/डाउनस्ट्रीम में नियत दूरी से कम दूरी पर पुल की व्यवस्था विद्यमान होने के दृष्टिगत प्रस्तावित सेतु निर्धारित मानक को पूर्ण नहीं करता है।,

उत्तर प्रदेश के धार्मिक क्षेत्र नैमिषारण्य का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मो0 जासमीर अंसारी द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर पर्यटन मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, उ0प्र0 की नैमिषारण्य की पवित्र धरती पर.....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्वेदों और पुराणों की रचना की गयी। नैमिषारण्य की पवित्र धरती हजारों ऋषियों की तपस्थली रही है। यहां पर हर वर्ष होने वाली 84 कोसी परिक्रमा का उल्लेख वेदों में मिलता है। 15 दिनों तक चलने वाली इस परिक्रमा में देश के विभिन्न प्रांतों में श्रद्धालुओं के साथ ही साथ नेपाल और मॉरिशस से भी श्रद्धालु शामिल होते हैं। नैमिषारण्य पवित्र धरती पर कई प्राचीन मठ एवं मंदिर स्थापित हैं। इसके उपरान्त भी यह पवित्र धरती पर्यटन के मानचित्र पर अपनी जगह नहीं बना सकी है। क्षेत्रीय जनता द्वारा नैमिषारण्य की पवित्र धरती पर स्थापित प्राचीन मठ एवं मंदिरों को संरक्षित किये जाने एवं आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने हेतु समुचित आवासों, बिजली, पानी के बेहतर इंतजाम किये जाने, आवागमन के साधन बढ़ाये जाने तथा सीतापुर से नैमिषारण्य की पवित्र धाम तक के मुख्य मार्ग को फोर लेन डिवाइडर युक्त बनाये जाने हेतु कई बार स्थानीय प्रशासन एवं सरकार से अनुरोध किया गया, परन्तु अभी तक शासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं किये जाने से क्षेत्रीय जनता एवं श्रद्धालुओं में अत्यधिक रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

अतः आपके माध्यम से इस लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय पर मैं सरकार से कार्रवाई/वक्तव्य की मांग करता हूं।''

उक्त वक्तव्य के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रदेश के जनपद सीतापुर में नैमिषारण्य एक ऐसा तीर्थ स्थल है जिसकी महिमा पुराणों में वर्णित है। यह स्थल चक्रतीर्थ के नाम से भी विख्यात है। जनश्रुति के अनुसार नैमिषारण्य का नाम निमिषा का अपभ्रंश है, जिसका अर्थ होता है नेत्र की आभा। नैमिषारण्य क्षेत्र में कई प्राचीन मठ एवं मन्दिर स्थापित हैं जिसमें चक्रतीर्थ, व्यास गद्दी, हनुमान गढ़ी, ललिता देवी मन्दिर, कालीपीठ आदि प्रमुख हैं।

यहां पर पर्यटन विभाग द्वारा क्षेत्र के पर्यटन विकास हेतु, पर्यटकों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने की दृष्टि से क्षेत्र में स्थित विभिन्न स्थलों पर केन्द्र सेक्टर व राज्य सेक्टर योजना के अन्तर्गत पर्यटन विकास कार्य कराये जा रहे हैं, जिनकी सूचना निम्नवत् है–

क्र0 सं0	योजना का नाम	वित्तीय वर्ष	योजना का स्वीकृत आगणन धनराशि रु0 लाख में	वित्तीय प्रगति धनराशि रु0 लाख में	भौतिक प्रगति	कार्य का विवरण/ अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	जनपद–सीतापुर	2011–12	295.79	220.50	90	**रेलवे स्टेशन वाली**

	में नैमिषारण्य का पर्यटन विकास एवं अवशेष कार्य–बाउण्ड्रीवाल, पाथ–वे, विद्युत सम्बन्धी कार्य				प्रतिशत	**<u>सड़क पर</u>** 1. प्रवचन हाल (268.84 वर्ग मी0)–99 प्रतिशत। 2. श्रद्धालु हाल (200 वर्ग मी0)–100 प्रतिशत 3. ट्वायलेट ब्लाक (120 वर्ग मी0)–100 प्रतिशत **<u>अयोध्या धाम</u>** 1. अयोध्या धाम में श्रद्धालु शेड (120 वर्ग मी0)–100 प्रतिशत काशीकुण्ड 1. काशीकुण्ड में श्रद्धालु शेड (120 वर्ग मी0)–100 प्रतिशत 2. कुण्ड का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य–100 प्रतिशत **<u>चक्रतीर्थ</u>** 1. चक्रतीर्थ में सैल्फ एरियेसन सिस्टम की स्थापना–100 प्रतिशत **<u>लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन के निकट</u>** 1. एक नग ट्वायलेट ब्लाक

						का निर्माण–40 प्रतिशत
2	नैमिषारण्य में व्यास गद्दी जाने वाले मार्ग पर चक्रतीर्थ के समीप सुलभ प्रसाधन का निर्माण	2015–16	22.21	17.90	80 प्रतिशत	मा0 मुख्य मंत्री घोषणा अन्तर्गत
3	जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य तीर्थ के दशाश्वमेघ घाट के विस्तार एवं जीर्णोद्धार का कार्य	2015–16	329.59	164.00	50 प्रतिशत	मा0 मुख्य मंत्री घोषणा अन्तर्गत
4	जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य तीर्थ के राजघाट के विस्तार एवं जीर्णोद्धार का कार्य	2015–16	221.39	110.00	50 प्रतिशत	मा0 मुख्य मंत्री घोषणा अन्तर्गत

प्राचीन मन्दिरों एवं मठों को संरक्षित करने की पृच्छा के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त कार्य पर्यटन विभाग द्वारा नहीं कराया जाता है। उ0प्र0 पर्यटन विभाग द्वारा स्थल पर आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं के सुविधार्थ मूलभूत सुविधाओं के विकास का कार्य ही कराया जाता है। आवासीय व्यवस्था के सम्बन्ध में उठाये गये बिन्दु के क्रम में अवगत कराना है कि पर्यटकों/श्रद्धालुओं के सुविधार्थ आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु काशी कुण्ड, अयोध्या धाम एवं श्री अनूप गुप्ता, मा0 विधायक की डेरी के बगल में स्थित सत्संग भवन पर आवासीय व्यवस्था के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराया गया है। बिजली, पानी एवं मार्ग की व्यवस्था आदि का कार्य पर्यटन विभाग से सम्बन्धित नहीं है।,

जनपद मथुरा की सहकारी चीनी मिल छाता को पुनः चालू कराये जाने के सम्बन्ध में श्री तेजपाल सिंह द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मा0 सदस्य ने अपनी सूचना में उल्लेख किया है कि जनपद मथुरा में....

.

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्एक मात्र सहकारी चीनी मिल छाता बन्द पड़ी है। यह मिल आगरा मण्डल की एकमात्र चीनी मिल है। इस चीनी मिल पर पूरे जनपद के किसान अपना गन्ना देते थे। यह चीनी मिल पिछले लगभग 5 साल से बन्द पड़ी है। जिसके कारण गन्ना किसान परेशान है। गन्ना किसान आन्दोलित हो रहे हैं। सरकार के बार–बार आश्वासन के बावजूद भी इस चीनी मिल को संचालित नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा इस वर्ष को किसान वर्ष घोषित किया गया है। गन्ना किसानों के हित में इस चीनी मिल को चलाया जाना अति आवश्यक है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उ0प्र0 राज्य चीनी निगम लि0 के अधीन छाता शुगर कम्पनी लि0 छाता, जनपद मथुरा की स्थापना वर्ष 1978 में हुई। मिल स्थापना के समय इसकी पेराई क्षमता 1250 टी0सी0डी0 थी। वर्ष 1991–92 में इस मिल का विस्तारीकरण 2500 टी0सी0डी0 पेराई क्षमता पर किया गया। छाता चीनी मिल क्षेत्र में पेराई सत्र 2004–05 से 2008–09 तक क्षमतानुरूप गन्ने की उपलब्धता न होने तथा वित्तीय घाटे (दिनांक 31–03–09 तक कुल संचित घाटा रु0 8077. 47 लाख) को दृष्टिगत रखते हुए चीनी मिल को पेराई सत्र 2009–10 से संचालित न किए जाने का निर्णय लिया गया तथा मिल कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान कर दी गयी। मिल के सुरक्षित क्षेत्र का गन्ना सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल साथा, जनपद–अलीगढ़ को ब्यावर्तित कर दिया गया है।

छाता चीनी मिल की अधिकांश प्लाण्ट एवं मशीनरी की स्थिति वर्तमान में अत्यन्त जर्जर एवं स्क्रैप के रूप में है जिसे वर्तमान स्थिति में चलाना सम्भव नहीं है।

वर्तमान में शासन द्वारा प्रदेश हित में रोजगार का सृजन करने व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, गन्ना किसानों के उत्थान और अन्ततः क्षेत्र के आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास के दृष्टिगत चीनी निगम की छाता चीनी मिल की भूमि को दीर्घकालीन लीज पर निजी निवेशकर्ता/विकासकर्ता को देकर इन्टीग्रेटेड काम्प्लेक्स के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय के क्रम में निगम द्वारा निविदायें आमन्त्रित की गयीं परन्तु निविदादाताओं द्वारा कोई रुचि नहीं दिखायी गयी। वर्णित स्थिति में वर्तमान में चीनी मिल का संचालन सम्भव नहीं है।,

---

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद रामपुर की तहसील बिलासपुर में उत्तराखण्ड द्वारा विद्युत आपूर्ति रोके जाने के कारण नये उपकेन्द्र की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री संजय कपूर द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मा0 सदस्य द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना में यह बिन्दु उठाया गया है कि उत्तरांचल राज्य के बार्डर पर.....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्स्थित उत्तर प्रदेश की तहसील–विलासपुर के निम्नलिखित ग्रामों–सुआनगला, करतारपुर, हजरतपुर, बीहट, खानपुर, चांदपुर आदि की विद्युत आपूर्ति रुद्रपुर फीडर जनपद–उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड से होती है तथा अक्सर उत्तराखण्ड के विद्युत विभाग के कर्मचारी यहां की विद्युत आपूर्ति काट देते हैं जिससे यह क्षेत्र अन्धकार में हो जाता है। यहां के क्षेत्रवासियों द्वारा इस क्षेत्र के लिए अलग से एक 33 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र बनाने की मांग काफी लम्बे समय से चली आ रही है। इस सम्बन्ध में विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम–चांदपुर, तहसील–विलासपुर, जनपद–रामपुर में निःशुल्क भूमि उपकेन्द्र बनाने हेतु उपलब्ध करा दी गयी है तथा इसका प्रस्ताव काफी लम्बे समय से शासन में लम्बित है, किसानों को विद्युत आपूर्ति 4 से 6 घण्टे ही मिल पा रही है जिससे किसानों की फसल चौपट हो रही है। यहां पर विद्युत उपकेन्द्र न बनने से क्षेत्र की जनता में काफी रोष व नाराजगी व्याप्त है। यदि कृषक हित में अविलम्ब उपरोक्त स्थान पर विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना नहीं करायी गयी तो कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है।

आख्या–

वर्तमान में तहसील बिलासपुर, जनपद–रामपुर के उत्तराखण्ड राज्य से लगे हुए बार्डर पर स्थित ग्राम क्रमशः सुआनगला, करतारपुर, हजरतपुर, बीहट, खानपुर, चांदपुर, अटलरी, बिढवानगला एवं फूलपुर आदि को उत्तराखण्ड राज्य के जनपद–रुद्रपुर में स्थित 33/11 के0वी0 भदईपुर उपकेन्द्र के 11 के0वी0 फीडर बिलासपुर से विद्युत आपूर्ति की जाती है जिस पर अधिकतम भार 175 एम्पीयर है। उक्त ग्रामों से इस प्रदेश का निकटतम 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र डिबडिबा (2ग5 एम0वी0ए0) स्थित है। यह उपकेन्द्र वर्तमान में अतिभारित है जिसकी क्षमतावृद्धि दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत 2ग5 एम0वी0ए0 से 10+5 एम0वी0ए0 स्वीकृत है। क्षमतावृद्धि का कार्य नवम्बर

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

2016 तक पूर्ण कर इस उपकेन्द्र के 11 के0वी0 अटलरी पोषक से संदर्भित ग्रामों को जोड़कर विद्युत सुचारु कर दी जायेगी।,

जनपद फैजाबाद के विधान सभा क्षेत्र रुदौली व मिल्कीपुर को जोड़ने वाले मार्ग के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामचन्द्र यादव द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी

सूचना पर लोक निर्माण मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, जनपद फैजाबाद, विधान सभा क्षेत्र रुदौली.....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया। केवल वक्तव्य संलग्न है)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्व मिल्कीपुर को जोड़ने वाला मार्ग रुदौली से अमानीगंज व अमानीगंज से मिल्कीपुर दो तहसीलों को जोड़ने वाला जनपद का मुख्य मार्ग है। इसी मार्ग से छात्र, नौजवान, किसान, मजदूर एवं यात्री रेलवे स्टेशन रुदौली व रोडवेज की बसों पर यात्रा करने के लिए भेलसर आते हैं। यह मार्ग तहसील रुदौली, थाना रुदौली, ब्लाक रुदौली को जोड़ने वाला मार्ग है। इस मार्ग की स्वीकृति 17 किमी0 लम्बाई की स्वीकृति व्यापार विकास निधि योजना के अन्तर्गत दो वर्ष पूर्व हुई थी परन्तु अभी तक उक्त मार्ग का निर्माण आधा–अधूरा पड़ा हुआ है। दूसरे भाग की स्वीकृति 6 माह पूर्व जारी हुई परन्तु अभी तक निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किया गया। लोक निर्माण विभाग खण्ड–2 फैजाबाद के अधिकारियों की उदासीनता के चलते 26 किमी0 लम्बाई का यह मार्ग अर्धनिर्मित पड़ा हुआ है जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है। जनहित में उक्त मार्ग का निर्माण कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए उक्त मार्ग के अधूरे भाग का निर्माण पूर्ण कराये जाने हेतु वक्तव्य की मांग करता हूं।

वक्तव्य–

रुदौली से अमानीगंज मार्ग–

मा0 सदस्य द्वारा दी गयी उपर्युक्त सूचना के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद फैजाबाद के अन्तर्गत रुदौली से अमानीगंज तक मार्ग की लम्बाई 8.20 किमी0 है जो अन्य जिला मार्ग श्रेणी का मार्ग है। मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु शासनादेश दिनांक 03–11–2015 द्वारा रु0 690.79 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2015–16 में अब तक कुल रु0 69.00 लाख का आवंटन

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष कार्य प्रगति में है। शेष कार्य को पूर्ण किया जाना वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

मिल्कीपुर से अमानीगंज मार्ग–

जनपद फैजाबाद के अन्तर्गत मिल्कीपुर से अमानीगंज तक मार्ग की लम्बाई 17.50 किमी0 है जो अन्य जिला मार्ग की श्रेणी का मार्ग है। मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य व्यापार विकास निधि योजना के अन्तर्गत शासनादेश दिनांक 24–02–14 द्वारा लागत रु0 2907.22 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी। स्वीकृत लागत के सापेक्ष वर्ष 2013–14 में रु0 581.00 लाख, वर्ष 2014–15 में रु0 1200.00 एवं वर्ष 2015–16 में रु0 1000.00 लाख अब तक कुल रु0 2781.00 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष 16 किमी0 में कार्य पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है। शेष कार्य को पूर्ण किया जाना वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।,

मुख्य चिकित्साधिकारी हरदोई द्वारा की जा रही अनियमितताओं की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती शकुन्तला देवी द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मा0 सदस्य द्वारा उक्त नियम के अन्तर्गत दिनांक 26–02–2016 को यह सूचना दी गई है कि .....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने जो दिया पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्मैं एक अत्यन्त लोक महत्व के विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

मुख्य चिकित्साधिकारी हरदोई द्वारा मा0 मुख्य मंत्री कार्यालय के स्पष्ट आदेशों को ठेंगे पर रखकर घोर मनमानी व अवहेलना की जा रही है। माननीय मुख्य मंत्री कार्यालय के आदेशों के महीनों व्यतीत हो जाने के बाद भी उनका अनुपालन/क्रियान्वयन मुख्य चिकित्साधिकारी/जिला क्षयरोग अधिकारी हरदोई द्वारा नहीं किया जा रहा है। जबकि ऐसा संज्ञान में आया है कि अपने निजी स्वार्थ में तो इन अधिकारियों द्वारा नियमों को ताख पर रखकर बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश के ही मनमाने तरीके से कर्मचारियों/अधिकारियों का उनकी पसन्द के अनुसार जिले में इधर से उधर स्थानान्तरण कर दिया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि मा0 मुख्य मंत्री

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

कार्यालय द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में सम्बन्धित कर्मचारी से निजी स्वार्थ पूरा न होने के कारण मुख्य मंत्री कार्यालय के द्वारा स्थानान्तरण करने अथवा निरस्त करने के आदेश मुख्य चिकित्साधिकारी हरदोई को देने के बावजूद उनका अभी तक अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उदाहरण स्वरूप क्षय नियंत्रण कार्यक्रम हरदोई के अन्तर्गत जिला क्षय केन्द्र हरदोई में तैनात सीनियर ट्रीटमेन्ट सुपरवाइजर (संविदा) को प्राथमिक केन्द्र कोथावां, हरदोई में स्थानान्तरित करने सम्बन्धी मुख्य चिकित्साधिकारी हरदोई के आदेश संख्या–मु0चि0अ0/आर0एन0टी0सी0पी0/15–16/2740, दिनांक 22–08–2015 को निरस्त किये जाने के आदेश मा0 मुख्य मंत्री कार्यालय के पत्रांक–18906/ओ0एस0डी0 (जे)/सी0एम0/2015, दिनांक 27–08–2015 द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरदोई को दिये गये थे, किन्तु लगभग छः माह का समय व्यतीत हो चुका है फिर भी उसका अनुपालन अभी तक नहीं किया गया है। अतः जनहित में मुख्य चिकित्साधिकारी हरदोई के उपरोक्त आदेश दिनांक 22–08–2015 को निरस्त/संशोधन करते हुए सम्बन्धित एस0टी0एस0 को प्रा0स्वा0 केन्द्र कोथावां से जिला क्षय केन्द्र हरदोई में तैनात करने एवं मा0 मुख्य मंत्री कार्यालय के आदेशों की अवहेलना करने के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई किया जाना न्यायसंगत होगा।

अतएव महोदय जनहित एवं लोक महत्व के इस विषय पर मैं सरकार से प्रभावी कार्रवाई करने तथा सदन में वक्तव्य देने की मांग करती है।

2–उपर्युक्त सूचना के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि श्री बृजेश कुमार मित्रा संविदा के आधार पर एस0टी0एस0 (सीनियर ट्रीटमेन्ट सुपरवाइजर) के पद पर विगत सात वर्षों से पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत हैं तथा विगत छः वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोथावां, हरदोई में कार्यरत हैं एवं इनका परिवार जनपद हरदोई के मुख्यालय पर निवास करता है। इनके द्वारा जनपद मुख्यालय से अपनी तैनाती स्थान कोथावां में कार्य किया जा रहा है। इनके बच्चों की शिक्षा–दीक्षा जनपद हरदोई में प्रारम्भ से हो रही है। तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी, हरदोई (डा0 वी0के0 गुप्ता, सम्प्रति सेवानिवृत्त) द्वारा दिनांक 12–08–15 को जनहित में श्री बृजेश कुमार मित्रा का स्थानान्तरण प्रा0स्वा0 केन्द्र कोथावां, हरदोई से जिला क्षय केन्द्र, हरदोई कर दिया गया था जिसके अनुपालन में श्री बृजेश कुमार मित्रा द्वारा दिनांक 14–08–15 को अपना योगदान जिला क्षय केन्द्र, हरदोई में किया गया था। तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी, हरदोई द्वारा दिनांक 22–08–15 को श्री मित्रा का जिला क्षय केन्द्र, हरदोई में किया गया स्थानान्तरण निरस्त करते हुए इनकी मूल तैनाती प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोथावां, हरदोई में कर दी गयी थी। श्री मित्रा को दिनांक 31–08–15 को जिला क्षय केन्द्र, हरदोई से कार्यमुक्त किया गया। श्री मित्रा द्वारा मात्र 18 दिन जिला क्षय केन्द्र, हरदोई में कार्य किया गया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोथावां, हरदोई में छः वर्षों से कार्य किया जा रहा है। यह भी अवगत कराना है कि प्रतिवर्ष संविदा कर्मी द्वारा अनुबन्ध–पत्र में सहमति दी जाती है। पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के हित में जनपद हरदोई के किसी भी टी0यू0 (ब्लाक स्तर के सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र) पर कार्य करने हेतु स्थानान्तरित किया जा सकता

है। श्रीमती रेनू मित्रा पत्नी श्री बृजेश कुमार मित्रा द्वारा मा0 मुख्य मंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित पत्र में अपने जो भी चिकित्सा प्रमाण–पत्र संलग्न किये गये हैं, वह प्रपत्र वर्ष 2011 से 2014 के मध्य के हैं। उस समय श्री मित्रा प्रा0स्वा0 केन्द्र, कोथावां, हरदोई में तैनात थे। इनके द्वारा प्रा0स्वा0 केन्द्र, कोथावां, हरदोई में तैनाती के दौरान ही अपनी पत्नी का उपचार व परिवार की देखभाल की जा रही थी।

3–श्री जगजीवन प्रसाद, विशेष कार्याधिकारी, मा0 मुख्य मंत्री के पत्र संख्या–18906/ ओ0एस0डी0(जे0)/सी0एम0/2015, दिनांक 27–08–15 के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि श्री मित्रा द्वारा विगत छः वर्षों से कभी भी कोई स्थानान्तरण सम्बन्धी पत्राचार नहीं किया गया है। अतः कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु श्री मित्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोथावां पर ही कार्यरत थी।

यह भी अवगत कराना है कि उक्त पत्र दिनांक 28–08–15 को मुख्य चिकित्साधिकारी, हरदोई के कार्यालय में प्राप्त हुआ, जिसे दिनांक 01–09–15 को जिला क्षय रोग अधिकारी, हरदोई को प्राप्त करा दिया गया था। उक्त पत्र पर कार्यवाही नहीं किये जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी, हरदोई द्वारा पत्र दिनांक 03–03–16 के माध्यम से जिला क्षय रोग अधिकारी, हरदोई को चेतावनी देते हुए भविष्य में पुनरावृत्ति न किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही मुख्यचिकित्साधिकारी, हरदोई द्वारा पत्र संख्या–मु0चि0अ0/नियम–51/वि0स0प्र0/2015–16, दिनांक 04–03–16 द्वारा श्री जगजीवन प्रसाद, विशेष कार्याधिकारी, मा0 मुख्य मंत्री से अग्रतर निर्देश प्राप्त करने हेतु पत्र निर्गत किया गया है।,

जनपद गाजीपुर की तहसील मोहम्मदाबाद के अन्तर्गत अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से किसानों की बर्बाद फसलों का मुआवजा दिये जाने में की गई धांधली की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सिबगतुल्लाह अंसारी द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर राजस्व मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मा0 सदस्य द्वारा अवगत कराया गया है कि मेरे गृह जनपद गाजीपुर....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्के तहसील मुहम्मदाबाद के अन्तर्गत किसानों की फसलें अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से बर्बाद हो गयी थी। उनकी सरकार ने जांच कराकर किसानों को क्षतिपूर्ति देने के लिये जो धन (रुपया) मुहम्मदाबाद तहसील को भेजा था वह धन किसानों में वितरित न होकर तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सब गबन कर लिया गया है तथा उस लूट को छिपाने के लिये अज्ञात एफ0आई0आर0 रिपोर्ट एक लेखपाल द्वारा दर्ज करा दी गयी है। अतः आपके माध्यम से उक्त गम्भीर प्रकरण को जो किसानों से सीधा जुड़ा हुआ है धन को गबन करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कराकर दण्डित करने एवं किसानों को उनकी फसलों की क्षतिपूर्ति दिलाने का प्रभावी आदेश दिये जाने हेतु सदन में वक्तव्य की मांग करता हूं।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासन द्वारा अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से कृषि फसलों को हुई क्षति के लिये जनपद गाजीपुर को रु0 79.63 करोड़ की धनराशि प्रदान की गयी थी जिसमें से जिलाधिकारी, गाजीपुर द्वारा रु0 17,42,67,000/– (सत्रह करोड़ बयालिस लाख सरसठ हजार) की धनराशि तहसील मुहम्मदाबाद को आवंटित की गयी थी जिसमें से 456 गांवों में कुल 33,528 कृषकों को रु0 16,93,67,332 (सोलह करोड़ तिरानबे लाख सरसठ हजार तीन सौ बत्तीय) की धनराशि चेक/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से वितरित की गयी है।

अवशेष धनराशि रु0 48,99,668/–में से रु0 46,00,000/– की धनराशि लेखपाल, रजिस्ट्रार कानूनगो तथा बैंक कर्मियों की मिली भगत से तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर से वियरर चेक बनाकर आहरित कर गबन कर ली गयी। श्री शिवमूरत लेखपाल, क्षेत्र मनिया द्वारा चेक चोरी किये जाने के सम्बन्ध में मुकदमा अपराध संख्या–275/2016 धारा–379/419/420 के अन्तर्गत दर्ज कराया गया। उक्त एफ0आई0आर0 में श्री रामकेवल पुत्र कविलास निवासी सुल्तानपुर (गैर सरकारी कर्मचारी) को अभियुक्त बनाया गया है।

तहसीलदार व उप जिलाधिकारी, मुहम्मदाबाद द्वारा संयुक्त रूप से इलाहाबाद बैंक शाखा यूसुफपुर, मुहम्मदाबाद में जाकर जांच किये जाने पर तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर से आहरित कर रु0 46,000,00/–गबन करने का मामला प्रकाश में आया। जांच में दोषी पाये गये लेखपाल श्री रामद्वार यादव, श्री रामभुवन गौतम, श्री राजेन्द्र यादव (से0नि0), श्री लल्लन राम (से0नि0 रजिस्ट्रार कानूनगो), श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी लेखपाल सम्बद्ध रजिस्ट्रार कार्यालय दैवीय आपदा पटल, श्री शिवमूरत लेखपाल तथा इलाहाबाद बैंक शाखा यूसुफपुर, मुहम्मदाबाद के बैंक कर्मी श्री संतोष कुमार राय, विशेष सहायक, श्री दानिश इलियास पी0ओ0 तथा श्री अभिषेक कुशवाहा फील्ड अफिसर के विरुद्ध अपराध संख्या–280/2016 धारा–419, 420, 467, 468, 471, 409/120 बी आई0पी0सी0 दिनांक 07–02–2016 को थाना–मुहम्मदाबाद में तहसीलदार व उप जिलाधिकारी द्वारा दर्ज कराया गया।

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

दोषी कार्यरत लेखपाल श्री रामद्वार यादव एवं रामभुवन गौतम को दिनांक 06–02–2016 को तथा श्री शिवमूरत गुप्ता लेखपाल एवं श्री प्रमोद त्रिपाठी, लेखपाल सम्बद्ध रजिस्ट्रार कार्यालय दैवी आपदा पटल को दिनांक 12–02–2016 को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। श्री जगदीश राम प्रभारी राजस्व निरीक्षक को आरोप–पत्र दिया गया।

बैंक कर्मियों द्वारा तहसीलदार के बिना हस्ताक्षर का मिलान किये फर्जी हस्ताक्षर पर किये गये आहरण के सम्बन्ध में इलाहाबाद बैंक शाखा यूसुफपुर मुहम्मदाबाद के प्रबन्धक, इलाहाबाद बैंक रिजनल आफिस वाराणसी, मुख्य कार्यालय कलकत्ता एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक यूनियन बैंक आफ इण्डिया, महुआबाग, गाजीपुर को भी जांच कर कार्यवाही हेतु पत्र संख्या–13/13–आपदा/2016, दिनांक 19 फरवरी, 2016 प्रेषित किया गया है।

उप जिलाधिकारी, मुहम्मदाबाद के रिपोर्ट के आधार पर उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर दी गई है जिसमें अपर जिलाधिकारी (भू0रा0), वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं श्री अरुण कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर, गाजीपुर हैं जिनके द्वारा जांच की जा रही है। उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक गाजीपुर को पत्र दिनांक 19–02–2016 प्रेषित किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मुहम्मदाबाद से आख्या के अनुसार सभी अभियुक्तगण अपने घर से फरार हैं। इनके मोबाइल सर्विलांस पर लगा दिया गया है एवं अभिलेखीय साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है तथा गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है बहुत जल्द गिरफ्तार करके गबन की धनराशि की बरामदगी कर ली जायेगी।,

जनपद प्रतापगढ़ के विधान सभा क्षेत्र विश्वनाथगंज की कतिपय टूटी जर्जर गड्ढायुक्त मार्गों की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में डा0 आर0 के0 वर्मा द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर लोक निर्माण मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मैं एक अविलम्बनीय लोक महत्व की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

ख्अवगत कराना चाहता हूं कि जनपद प्रतापगढ़ के विधान सभा क्षेत्र विश्वनाथगंज में जनमानस की यातायात समस्या को ध्यान में रखते हुए टूटी हुयी गड्ढायुक्त निम्नलिखित मार्गों का मरम्मतीकरण कराये जाने की कृपा करें :–

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

1–विकास खण्ड मान्धाता की कटरा गुलाब सिंह से पूरे सुखदेव सम्पर्क मार्ग।

2–विकास खण्ड लक्ष्मणपुर की जेठवारा मोहनगंज मार्ग से रेडी से लक्ष्मीगंज सम्पर्क मार्ग व सिरसा सम्पर्क मार्ग।

3–विकास खण्ड मान्धाता की मान्धाता जेठवारा मार्ग पर सरैया चौराहे से नहर की पटरी से गजेहबी तक।

4–मान्धाता विश्वनाथगंज मार्ग पर खुशिहालगंज बाजार से उसरापुर डम्बल की नारी तक मार्ग।

5–मान्धाता विश्वनाथगंज के खुशिहालगंज से पुरैला तक के मार्ग।

6–विकास खण्ड सदर अन्तर्गत रायबरेली–प्रतापगढ़ मार्ग से कटकाबली सम्पर्क मार्ग।

अतः मेरा माननीय महोदय से अनुरोध है कि जनमत की इस विकराल समस्या पर उपरोक्त गड्ढायुक्त जीर्ण–शीर्ण मार्गों का मरम्मतीकरण कराये जाने की मांग करता हूं।

केवल वक्तव्य

इस सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि जनपद प्रतापगढ़ के विधान सभा क्षेत्र विश्वनाथगंज में उपर्युक्त उल्लिखित मार्गों की स्थिति निम्नवत् है :–

1–जनपद प्रतापगढ़ के अन्तर्गत विकास खण्ड मान्धाता में जेठवारा–कटरा–गुलाब सिंह मार्ग के कि0मी0–9 से पूरे सुखदेव सम्पर्क मार्ग की लम्बाई 5.50 कि0मी0 है जो ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है। वर्तमान में मार्ग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

2–जेठवारा–मोहनगंज मार्ग के कि0मी0–12 में स्थित रेड़ी (मजरा गहरी) से सिरसा होते हुए लक्ष्मीगंज तक सम्पर्क मार्ग। लम्बाई 7.15 कि0मी0 है जो ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है। उक्त मार्ग का 1.65 कि0मी0 भाग पंचायती राज विभाग के अधीन है, शेष 5.50 कि0मी0 भाग पर लोक निर्माण विभाग का स्वामित्व है जिसमें से 4.50 कि0मी0 भाग की दशा संतोषजनक है, शेष 1.00 कि0मी0 भाग वर्तमान में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

3–मान्धाता–जेठवारा मार्ग के कि0मी0–10 में स्थित सरैया चौराहे से नहर की पटरी से गजेहबी (धनीपुर) तक 3.00 कि0मी0 लम्बाई का ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है। वर्तमान में मार्ग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

4–खुशहालगंज बाजार से उसरापुर–डम्बल की नारी तक मार्ग की लम्बाई 2.50 कि0मी0 है, जो ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है। उक्त मार्ग का प्रारम्भिक 1.20 कि0मी0 पंचायती राज विभाग के अधीन है, उसके आगे 1.30 कि0मी0 का मार्ग लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व का मार्ग है, जो आंशिक रूप से

क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

5–जनपद प्रतापगढ़ में विश्वनाथगंज–मान्धाता मार्ग कि0मी0–4 में स्थित खुशहालगंज से पुरैला तक 6.00 कि0मी0 लम्बाई में ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है। उक्त मार्ग का प्रारम्भिक 3.40 कि0मी0 पंचायती राज विभाग के अधीन है उसके आगे 2.60 कि0मी0 का मार्ग लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व का मार्ग है, जिसकी दशा संतोषजनक है।

6–लखनऊ–वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मोहनगंज से कटकावली तक 4.00 कि0मी0 लम्बाई व ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है। वर्तमान में मार्ग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।,

लखनऊ स्थित राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन राजकीय लालबाग आफीसर्स कालोनी की बाउन्ड्री उंची कराये जाने के सम्बन्ध में श्री इन्दल रावत द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मैं सदन का ध्यान इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर आकृष्ट कराना....

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास (राज्य मंत्री) (श्री अभिषेक मिश्र)–

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री मोहम्मद आजम खां–

नियम–51 की सूचना	**वक्तव्य**
ख्वाहता हूं कि राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन राजकीय लालबाग आफीसर्स कालोनी की बाउन्ड्रीवाल की बहुत ही जर्जर स्थिति हो गयी है। बाउन्ड्रीवाल तथा गेट छोटा होने के कारण कई बार कालोनी में चोरी हो चुकी है। एक माह पूर्व	इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि लालबाग आफीसर्स कालोनी की बाउन्ड्रीवाल कई वर्ष पूर्व बनायी गई थी। प्रश्नगत कालोनी के बी–ब्लाक के पीछे एवं जनरेटर रूम के बगल की बाउन्ड्रीवाल का लगभग 35 मीटर भाग एवं पम्प हाउस के समीप बाउन्ड्रीवाल का लगभग 05 मीटर भाग पेड़ की जड़ के दबाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गयी है तथा जनरेटर रूम एवं पम्प

नोट :–ख , यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

बाउन्ड्रीवाल गिर जाने से एक महिला दबकर अपाहिज हो गयी थी। अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन राजकीय लालबाग आफीसर्स कालोनी की ऊंची बाउन्ड्रीवाल यथाशीघ्र बनाये जाने की मांग करता हूं।	हाउस के बीच के शेष भाग की बाउन्ड्रीवाल कहीं–कहीं क्षतिग्रस्त एवं क्रैक हो गई है। यह भी अवगत कराना है कि बी–ब्लाक के पीछे की गिरी हुयी बाउन्ड्रीवाल के निर्माण के लिये शासन द्वारा दिनांक 14–09–15 को रु0 6.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत कर दी गयी है तथा क्षतिग्रस्त बाउन्ड्रीवाल के निर्माण हेतु निविदा की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गयी है, परन्तु प्रश्नगत बाउन्ड्रीवाल के किनारे पेड़ स्थित होने एवं उसकी जड़ों के कारण बाउन्ड्रीवाल क्षतिग्रस्त हुयी है। अतः बाउन्ड्रीवाल के किनारे के पेड़ को काटने हेतु सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी से पत्र दिनांक 26–9–2015 द्वारा अनुरोध किया गया है तथा उक्त वृक्ष के पातन के पश्चात् प्रश्नगत बाउन्ड्रीवाल के पुनर्निर्माण/मरम्मत का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। जहां तक बाउन्ड्रीवाल तथा गेट के छोटा होने का प्रश्न है, इस सम्बन्ध में उल्लेख करना है कि बाउन्ड्रीवाल एवं गेट की ऊंचाई लगभग 1.90 मीटर है जो सामान्यतः ठीक है तथा इसे ऊंचा करने का औचित्य नहीं है।,

श्री अध्यक्ष–

अब मंत्री जी, इतनी देर ये बैठे रहे, अब अपने मामले में कुछ चाहते हैं तो अब क्या, आईए।

श्री मोहम्मद आजम खां–

मा0 अध्यक्ष जी, कांग्रेस पार्टी की तरफ से मा0 सदस्य जिस मुद्दे को लेकर सदन के वेल में हैं। हम उसके बारे में बस इतना कह सकते हैं कि नेता सदन ने आश्वस्त किया है कि वह इस पर बहुत हमदर्दी से विचार करेंगे और इसका रास्ता निकालने की कोशिश करेंगे लेकिन कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी से अपने आप को अलग करके रहे क्योंकि उनके साथ रहेंगे तो बनारस के हालात खराब हो सकते हैं।

श्री अध्यक्ष–

अब हम उठते हैं, 08 तारीख को 11.00 बजे मिलेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 01 बजकर 14 मिनट पर मंगलवार दिनांक 8 मार्च, 2016 के दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक : 06 मार्च, 2016 **प्रदीप कुमार दुबे,**

प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0–एल0 153 विधान सभा (48)–25–05–2016–813 प्रतियां (कम्प्यूटर)।